संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-199 मंगलवार,21 मई 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबर

### कांग्रेस नेता के आलीशान फार्म हाउस पर चला बुलडोजर



**जयपुर,20 मई 2024(ए)।** पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को कांग्रेस नेता अमीन पठान के आलीशान फार्म हाउस पर बुलडोजर चलाया। आरोप है कि अमीन पठान ने जबरन वन विभाग की जमीन पर अपना फार्म हाउस बनवाया हुआ था। इस संबंध में उन्हें बीते दिनों दो दफा नोटिस भी जारी किए गए थे। कथित तौर पर नोटिस का कोई जवाब नहीं देने पर सोमवार सुबह भारी दलबल के साथ पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने उनके आलीशान फार्म हाउस को पलक झपकते ही जमींदोज कर दिया।

### 10 लाख रुपए रिश्वत लेते सीबीआई इंस्पेक्टर गिरफ्तार

» घर से मिले सोने के बिस्किट;

» नर्सिंग कॉलेज घोटाले की कर रहा था जांच

**भोपाल,20 मई 2024(ए)।** मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेज घोटाला मामले की जांच कर रहे सीबीआई अफसर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार हुआ है।



सीबीआई निरीक्षक राहुल राज 10 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार हुआ है। मामले में एजेंट सचिन जैन को भी किया गिरफ्तार किया गया है। राहुल राज ने सही रिपोर्ट पेश न करने के एवज में रिश्वत मांगी थी। इंदौर नर्सिंग कॉलेज संचालक समेत कई आरोपी हिरासत में लिए गए हैं।

### एयरपोर्ट पर चार आईएसआईएस आतंकवादी गिरफ्तार



**नई दिल्ली,20 मई 2024(ए)।** गुजरात में आईएसआईएस के चार आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं। इन्हें गुजरात एटीएस ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से पकड़ा है। बताया जाता है कि चारों आतंकी श्रीलंकाई नागरिक हैं। गुजरात एटीएस यह पता लगा रही है कि ये चारों आतंकी किस मकसद से गुजरात आए थे। गुजरात एटीएस इनसे पूछताछ कर रही है। मामले की जांच जारी है।

# 8 राज्यों की 49 सीटों पर 57.35 प्रतिशत वोटिंग

**बंगाल में भाजपा-टीएमसी समर्थक भिड़े,मुंबई में उद्धव गुट के 3 कार्यकर्ता गिरफ्तार**

### बालीवुड सीतारों समेत युवाओं ने पांचवें चरण में किया अपने मताधिकार का उपयोग



**नई दिल्ली,20 मई 2024 (ए)।** 2024 लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान खत्म हो गया है।

कुल 57.35 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 73प्रतिशत और सबसे कम महाराष्ट्र में 48.88प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा ओडिशा विधानसभा के सेकेंड फेज की 35 सीटों पर 60.70 प्रतिशत, झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर 68.26 प्रतिशत और लखनऊ ईस्ट सीट पर 52.25प्रतिशत वोटिंग हुई है।

उत्तर प्रदेश के महोबा में ड्यूटी के दौरान सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल के बैरकपुर और हुगली में भाजपा कैंडिडेट्स और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हुई है।

मुंबई में मतदान केंद्र के पास डमी ईव्हीएम रखने के आरोप में पुलिस ने शिवसेना के तीन कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है।

मुंबई में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, गुलजार, सुभाष घई,अक्षय कुमार, नाना पाटेकर,अनिल कपूर,मनोज बाजपेयी के अलावा आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और अनिल अंबानी ने वोटिंग की। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीएसपी सुप्रीमो मायावती,सतीश चंद्र मिश्रा ने लखनऊ में, राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली में वोट डाला।

543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हुआ था। आज की सीटों को मिलाकर कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है। बाकी 2 चरणों में 114 सीटों पर वोटिंग होनी अभी बाकी है।

## मोदी सरकार के इन मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में कैद

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान खत्म हो गया है। इस चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान कराया गया है। इन सीटों पर कुल 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे। जिन सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी,पीयूष गोयल जैसे केंद्रीय मंत्रियों की भी सीटें शामिल हैं।

**राजनाथ सिंह:-** उत्तर प्रदेश की लखनऊ



लोकसभा सीट से भाजपा की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चुनाव मैदान में हैं। भाजपा नेता के सामने सपा ने रविदास मेहरोत्रा को अपना उम्मीदवार बनाया है। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके मेहरोत्रा फिलहाल लखनऊ मध्य विधानसभा सीट से सपा के विधायक हैं। बसपा ने लखनऊ सीट से सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। 2019 लोकसभा चुनाव में सीट पर भाजपा से राजनाथ सिंह जीते थे। 2019 में लखनऊ सीट पर 54.78 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

**स्मृति ईरानी:-** केंद्रीय मंत्री और अमेठी की



मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी एक बार फिर भाजपा के टिकट पर यहां से मैदान में हैं। वहीं कांग्रेस ने नामांकन के आखिरी दिन गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा को उम्मीदवार बनाया। बसपा ने यहां नन्हे सिंह चौहान को अपना उम्मीदवार बनाया है। 2019 में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को शिकस्त दी थी। पिछले चुनाव में यहां 54.08प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था।

**पीयूष गोयल:-** मुंबई उत्तर मुंबई की हाई



प्रोफाइल सीट है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने इस लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को चुनावी मैदान में उतारा है। गोयल अभी महाराष्ट्र से भाजपा के राज्यसभा सांसद हैं। भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप उनके पास कपड़ा, वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण जैसे अहम विभाग हैं। पीयूष गोयल के सामने कांग्रेस ने भूषण पाटिल को उतारा है। भूषण अभी मुंबई कांग्रेस के उपाध्यक्ष हैं। 2019 में मुंबई उत्तर सीट पर भाजपा के गोपाल शेट्टी को जीत मिली थी। पिछले चुनाव में यहां 60.09 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

**कौशल किशोर:-** पांचवें चरण में जिन



केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत दांव पर है उनमें कौशल किशोर भी शामिल हैं। कौशल किशोर उत्तर प्रदेश की मोहनलालगंज सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं। वहीं, सपा से आरके चौधरी और बसपा से राजेश कुमार उतरे हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के कौशल किशोर ने जीत का परचम लहराया था। पिछले चुनाव में मोहनलालगंज सीट पर 62.79 प्रतिशत मतदान हुआ था।

**साध्वी निरंजन ज्योति:-** उत्तर प्रदेश की



फतेहपुर सीट से मोदी सरकार की एक और मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति चुनाव लड़ रही हैं। साध्वी निरंजन मोदी सरकार में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री हैं। इस चुनाव में फतेहपुर से सपा ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे नरेश उत्तम पटेल को उम्मीदवार बनाया है। वहीं इस लड़ाई में बसपा भी शामिल है जिसने नर्सिंग होम संचालक डॉ. मनीष सिंह सचान को मैदान में उतारा है। 2019 में भाजपा की साध्वी निरंजन ज्योति को जीत मिली थी। पिछले चुनाव में फतेहपुर सीट पर 56.79प्रतिशत मतदान हुआ था।



**डॉ. भारती प्रवीण पवार:-** पांचवें चरण में जो मंत्री चुनाव लड़ रहे हैं उनमें डॉ. भारती प्रवीण पवार भी हैं। वह महाराष्ट्र की दिंडोरी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं। भारती पवार फिलहाल मोदी सरकार में स्वास्थ्य राज्य मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। इस चुनाव में उनके सामने महाविकास अगाडी (एमवीए) से भास्कर मुरलीधर भागारे हैं जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के प्रत्याशी हैं। 2019 में दिंडोरी लोकसभा सीट पर भाजपा की तरफ से भारती पवार को जीत मिली थी। पिछले चुनाव में यहां 65.71प्रतिशत लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था।



**अन्नपूर्णा देवी:-** इस चुनाव में झारखंड की कोडरमा सीट भी चर्चा में है। यहां से केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी चुनाव मैदान में हैं। उनके सामने महागठबंधन की तरफ से भाकपा (माले) के विनोद कुमार सिंह प्रत्याशी हैं। 2019 में कोडरमा सीट पर भाजपा की अन्नपूर्णा देवी को जीत मिली थी। बीते चुनाव में यहां 66.68 प्रतिशत लोगों ने वोटिंग की थी।



**कपिल पाटिल:-** पांचवें चरण में जो मंत्री चुनाव लड़ रहे हैं उनमें भिवंडी सीट से कपिल पाटिल भी हैं। कपिल पाटिल केंद्र सरकार में पंचायती राज मंत्रालय में राज्यमंत्री के पद पर हैं। इस लोकसभा चुनाव में उनके सामने एमवीए से सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा हैं जो एनसीपी (शरद गुट) के प्रत्याशी हैं। 2019 में भिवंडी में भाजपा के कपिल पाटिल को जीत मिली थी। पिछले चुनाव में यहां 53.2 प्रतिशत लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था।



**शांतनु ठाकुर:-** इस चुनाव में पश्चिम बंगाल की कई सीटों पर दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। ऐसी ही एक सीट है बनगांव, जहां से केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर भाजपा के उम्मीदवार हैं। शांतनु अभी बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग राज्य मंत्री के पद पर हैं। उनके सामने टीएमसी से बिस्वजीत दास जबकि कांग्रेस से प्रदीप कुमार बिस्वास हैं। 2019 में भाजपा के शांतनु ठाकुर को जीत मिली थी। बीते चुनाव में बनगांव सीट पर 82.64प्रतिशत लोगों ने वोटिंग की थी।

## एटा में इस युवक ने 8 बार किया मतदान

» वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने किया अरेस्ट...

» पोलिंग बूथ के सभी सदस्य निलंबित...



लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में फर्रुखाबाद लोकसभा सीट क़े लिए फर्जी मतदान करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और साथ ही चुनाव आयोग के निर्देश पर पोलिंग बूथ के सभी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया है।अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एटा जिले की अलीगंज विधानसभा में 13 मई को हुये फर्रुखाबाद लोकसभा सीट क़े लिए मतदान के दौरान एक युवक द्वारा एक एक कर आठ 8 फर्जी वोट डालने और वीडियो बनाने का मामला सामने आया था जिसकी शिकायत फर्रुखाबाद लोकसभा क़े समाजवादी पार्टी क़े प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य ने चुनाव आयोग से की थी।मामला चुनाव आयोग के संज्ञान में आते ही त्वरित कार्रवाई की गयी और आरोपी युवक राजन सिंह को रविवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही पूरी पोलिंग पार्टी को निलंबित कर दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने तीन नए आपराधिक कानूनों पर सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली,20 मई 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि ये याचिका ठीक नहीं है, इसे खारिज की जा सकती है।याचिकाकर्ता विशाल तिवारी ने कहा कि ऐसे में उन्हें याचिका वापस लेने की इजाजत दी जाय। बेंच ने कहा, आपको जो करना है करोज्यह याचिका बहुत ही लापरवाह तरीके से दायर की गई है। यदि आप इस पर बहस करते हैं,तो हम जुर्माना लगा कर इसे खारिज कर देंगे। लेकिन, चूंकि आप इसे वापस ले रहे हैं, हम जुर्माना नहीं लगा रहे।÷



आखिरकार याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली।

जनहित याचिका में कहा गया था कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में कई विसंगतियां हैं। तीनों आपराधिक कानून बिना किसी संसदीय बहस के पारित किए गए, वो भी तब जब अधिकांश सदस्य सदन में मौजूद नहीं थे। इसके अलावा, यह दावा किया गया कि तीन कानूनों का टाइटल ठीक नहीं है और क़ानून और उसके मकसद के बारे में नहीं बताता है।

## तेजस्वी ने मोदी से पूछा 7 सवाल



**पटना,20 मई 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे से पहले विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने उनसे सात सवाल पूछे हैं। तेजस्वी ने कहा कि आप इन प्रश्नों के जवाब जरूर दीजिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम इस चुनाव में 11 वीं बार बिहार आ रहे हैं। बिहार की जनता से आपने 10 सालों में बिहार से जो वादे किए थे, उनमें से एक भी वादा आप पूरा क्यों नहीं कर पाए? क्यों आप अब अपने ही वादों पर कुछ नहीं बोलते हैं?

## इंक्रीमेंट-एरियर्स घोटाला... सरकारी खजाने से 3 करोड़ गायब

» 11 अधिकारी-कर्मचारी पर दर्ज हुई एफआईआर

» चार साल तक चलता रहा घोटालों का खेल

**गरियाबंद,20 मई 2024(ए)।** सरकारी पैसों की हेराफेरी करने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। मामले में अफसर व कर्मी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। मैनपुर पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

दरअसल वित्तीय वर्ष 2016 से 2019 तक स्वास्थ्य कर्मी के नाम पर फर्जी तरीके से ट्रेजरी से पैसे निकाले गए थे। इंक्रीमेंट,एरियर्स का बोगस फाइल बनाकर 3 करोड़ 13 लाख 13 हजार 971 रुपए निकाले गए थे।




‌तत्कालीन 3 जिला कोषालय अधिकारी, बीएमओ समेत कुल 11 के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले के खुलासे के बाद भी 4 साल तक मामला ठंडे बस्ते में चला गया। लेकिन अब इस मामले में कार्रवाई की गई है।जिन अधिकारियों पर मामला दर्ज किया गया है, उनमें तत्कालीन बीएमओ के.के. नेगी, तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी गुरुवेंद्र साव (वर्तमान में बेमेतरा कोषालय अधिकारी), डीपी वर्मा (वर्तमान में महासमुंद कोषालय अधिकारी), के.के. दुबे (वर्तमान में बलौदा बाजार कोषालय अधिकारी) को आरोपी बनाया गया

इसके अलावा लिपिक वीरेंद्र भंडारी,संतोष कोमरा, जीसी कुर्रे,भोजराम दीवान, वार्ड बॉय विनोद ध्रुव,वाहन चालक भारत नंदे, लुकेश चतुर्वेदानी के खिलाफ धोखाधड़ी के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### सामूहिक दुष्कर्म और हत्याकांड मामले में

## कोर्ट ने दो भाइयों को सुनाई मौत की सजा

**जयपुर,20 मई 2024(ए)।** पॉक्सो कोर्ट ने सोमवार को भीलवाड़ा सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में दो भाइयों को मौत की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने मामले को दुर्लभ से दुर्लभतम मानते हुए शनिवार को दो भाई कालू और कान्हा को दोषी ठहराया था और सात अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था। कोर्ट ने फैसला सोमवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद मृतका के माता-पिता ने कहा,हमें न्याय मिला। जिन सात आरोपियों को बरी किया गया,उनमें दोषियों की मां, बहन और पत्नियां शामिल हैं। अभियोजन पक्ष ने 43 गवाहों को पेश किया। इनमें से 42 ने साक्ष्य का समर्थन किया।



विशेष लोक अभियोजक महावीर किसनावत ने कहा, मामले में 473 पन्नों की चार्जशीट दायर की गई थी और 10 महीनों से सुनवाई चल रही थी। जांच तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक श्याम सुंदर बिश्नोई द्वारा की गई थी और एडीजी (अपराध) दिनेश एमएन और अजमेर रेंज आईजी लता मनोज ने मामले की निगरानी की थी। पिछले साल दो अगस्त को अपने खेत में बकरियां चराने गई गिरड़िया पंचायत की एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसे कोयले की भट्टी में जिंदा जला दिया गया था।

## 15 दिन में 18 लाख सिम कार्ड होंगे बंद

» कहीं आपका मोबाइल नंबर भी तो नहीं शामिल

**नई दिल्ली,20 मई 2024(ए)।** केंद्र सरकार फुल एक्शन मोड में है ।. ऑनलाइन फ्रॉड को रोकने के लिए सरकार ने नया प्लान बनाया है। जिसके तहत सरकार करीब 18 लाख सिम और मोबाइल कनेक्शन को अगले 15 दिन में बंद करने जा रही है। ये पहली बार होगा जब इतनी ज्यादा संख्या में सरकार मोबाइल और सिम कनेक्शन बंद करने जा रही है। ऐसे में आपका जानना बहुत जरुरी है कि कहीं इन 18 लाख मोबाइल कनेक्शन में आपका नंबर तो नहीं शामिल...टेलिकॉम विभाग की ओर से बीते 9 मई को टेलिकॉम कंपनियों जैसे जियो, एयरटेल और Vi को 28,220 मोबाइल बैंड को बंद करने का निर्देश दिया था. साथ ही करीब 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का दोबारा से वेरिफिकेशन करने का निर्देश भी दिया गया था। इसके पीछे कारण मोबाइल हैंडसेट से हो रहे ऑनलाइन फ्रॉड है.।



### इस कारण बंद होंगे सिम कार्ड

केंद्र की मोदी सरकार ने देश से साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड को हटाने के लिए सिम कार्ड्स को बंद करने का फैसला किया है। प्लान के तहत सरकारी और प्राइवेट एजेंसियों की मदद से ऑनलाइन फ्रॉड करने वालों की पहचान की जाएगी। रिपोर्ट की मानें, तो टेलिकॉम कंपनियां मोबाइल कनेक्शन और सिम कार्ड का रीवेरिफिकेशन करेगी,उसके बाद उन्हें ब्लॉक कर सकती है। टेलिकॉम कंपनियों की ओर से अगले 15 दिनों में फर्जी मोबाइल और सिम कार्ड को बंद करने का टास्क दिया गया है।

## अनिल टुटेजा 3 जून तक रहेंगे जेल में,कोर्ट ने रिमांड बढ़ाई

**रायपुर,20 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में रायपुर के स्पेशल कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। 14 दिन की रिमांड खत्म होने के बाद ईडी ने रिटायर्ड आईएएस टुटेजा को पेश किया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद फिर टुटेजा की न्यायिक रिमांड 14 दिन बढ़ा दी है । वे 3 जून तक जेल में रहेंगे। बता दें कि शराब घोटाले मामले में श्वष्ठ को पूछताछ के दौरान बहुत सारे सबूत मिले है। इसके साथ ही टुटेजा से पूछताछ के दौरान बहुत सारे लोगों के नाम सामने भी आए हैं। जिन्हें ईडी समंस जारी कर पूछताछ के लिए अपने दफ्तर बुला रही है।



ईडीकी टीम को टुटेजा के पास से डिजिटल डिवाइस मिले हैं। डाटा को एस्ट्रेक्ट कर एनालिसिस किया जा रहा है। जल्द ही इस मामले में ईडी अन्य लोगो की भी गिरफ्तारी कर सकती है। ईडी ने बताया है आर्किटेक्ट ऑफ लिकर स्कैम - छत्तीसगढ़ में 2000 करोड़ को हुए शराब घोटाले मामले में ईडी ने अनिल टुटेजा शराब घोटाले मामले का आर्किटेक्ट ऑफ लिकर स्कैम बताया है। ईडी का आरोप है कि शराब घोटाले में अनवर ढेबर ने सिंडिकेट बनाया और उस सिंडिकेट को सबसे ज्यादा पावर अनिल टुटेजा से मिलती थी, जो कंट्रोलर की भूमिका में थे।

## संपादकीय

### चिंता का सबब

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा में पिछले साल की तुलना में दोगुने यात्री पहुंच रहे हैं। यह वाकई हर किसी के लिए चिंता का सबब है। बेतहाशा बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था के चलते बारह यात्रियों की मौत हो चुकी है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चुनावी रैली छोड़ कर देहरादून पहुंचे। बैठक लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि 31मई तक सभी वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी। यात्रा मार्गो पर भीषण जाम है, तीर्थयात्री घंटों-घंटों उनमें फंसे हैं। कुछ की तबीयत बहुत बिगड़ गयी।कुछ श्रद्धालुओं को आधे रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। जबरदस्त भीड़ को देखते हुए पंजीकरण दो दिन के लिए रोक जा चुके हैं। यह सच है कि वीआईपी कल्चर के चलते होने वाली व्यवस्थागत गड़बड़ियों को नजरंदाज किया जाता है। खासकर इस तरह के बड़े तीर्थस्थानों तथा धार्मिक स्थलों में खास लोगों के लिए की जाने वाली व्यवस्था में पुलिस व सुरक्षा बलों की बड़ी संख्या जुटती है। ऐसे में आम नागरिक की तरफ से ध्यान हट जाता है।खुद को अलग और विशेष मानने वाला बड़ा वर्ग है अपने यहां,जो अपनी समृद्धि और ताकत का प्रयोग कर अपनी विशिष्टता दर्शाने में संकोच नहीं करता। निःसंदेह खास लोगों की आस्था का भी ख्याल रखा जाना जरूरी है। मगर यह आम आदमी की असुविधा या अपमान के साथ न किया जाए।यह कहना अतिश्योक्ति होगा कि लोगों की आस्था का विस्तार तेजी से हो रहा है। अब लगभग सभी बड़े व प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में बेतहाशा भीड़ लगने लगी है। रही बात पंजीकरण की तो अभी भी देश में ऐसा तबका है, जिसे नियमों/ पाबंदियों के विषय में जानकारी नहीं मिल पाती।उनके पास इतना धन भी नहीं होता कि वे एकाध दिन कहीं रुक कर इंतजार कर सकें। दो सौ मीटर के दायरे में फोन के प्रयोग जैसी पाबंदी श्रद्धालुओं के लिए बड़ी समस्या साबित हो सकती है। तस्वीरें निकालने या रील बनाने वालों से निपटने के और रास्ते खोजने की जरूरत है।नियमों व पाबंदियों की आड़ में आस्था पर प्रहार से बचने के प्रयास होने चाहिए। चार धाम जैसी यात्रा करने वाले वर्षो से इसकी तैयारी करते हैं, तब निकलते हैं। वे आम भक्त हों या खास, उनकी भावनाओं की अनदेखी करने को कतई उचित नहीं कहा जा सकता।

# सवाल एक सांसद,और वह भी महिला,के सम्मान का है...



जब किसी के साथ कोई घटना होती है और वह इसकी शिकायत पुलिस में करता है तो उसे यह बताना होता है कि उसके साथ क्या हुआ है और कहां पर हुआ। दिल्ली पुलिस में दर्ज एफआईआर में राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के साथ हुई मारपीट का विवरण तो है ही लेकिन उनके साथ ये घटना कहां हुई, उसकी जगह दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास का पता दर्ज है। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में संभवतः यह पहली घटना है जब किसी के साथ हुई मारपीट और हिंसा के लिए उसने मुख्यमंत्री आवास का पता दर्ज कराया है। वह भी यह शिकायत करनेवाला कोई सामान्य नागरिक या विरोधी दल का कार्यकर्ता नहीं है। पीड़ित महिला उनकी अपनी ही पार्टी की एक सम्मानित नेता और राज्यसभा सांसद है। यह घटना निश्चित रूप से एक महिला सांसद और किसी भी राज्य के सीएम हाउस के सम्मान के खिलाफ है। क्या प्रधानमंत्री आवास या मुख्यमंत्री आवास में अगर इस तरह मारपीट या हिंसा की घटना हो तो उसे किसी भी आधार पर सही ठहराया जा सकता है? वह भी तब जब ऐसी घटना किसी पारिवारिक सदस्य के बजाय पार्टी की एक सांसद के साथ हो? स्वाती मालीवाल ने जो एफआईआर दर्ज करवायी है उसमें उन्होंने यह तो नहीं बताया है कि वो सीएम हाउस में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से मिलने क्यों गयी थीं, लेकिन जब वो वहां पहुंची तो उनके साथ क्या हुआ इसे उन्हें विस्तार से एफआईआर में लिखवाया है। एफआईआर के मुताबिक वो सीएम से मिलने गयीं और घर के अंदर उस जगह इंतजार करने लगीं जहां सीएम केजरीवाल लोगों से मिलते जुलते हैं। मुख्यमंत्री के सहयोगियों द्वारा उन्हें बताया गया कि आप थोड़ी देर इंतजार करिए, जल्द ही सीएम साहब आपसे मिलेंगे। वो बैठक में इंतजार करती रहीं इतने में सीएम के निजी सहायक बिभव कुमार वहां आते हैं और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरु कर देते हैं। मारपीट करते हुए वो लगातार धमकियां भी देते रहते हैं मानों स्वाती मालीवाल से कुछ करने के लिए कहा गया हो, जिसे वो करने के लिए तैयार नहीं थीं। इसी के कारण न सिर्फ उनके साथ गाली गलौज की जाती है बल्कि एफआईआर के मुताबिक उनके ऊपर लात घूसों से प्रहार भी किया जाता है। एफआईआर में लिखा है तू कैसे हमारी बात नहीं मानेंगी। कैसे नहीं मानेगी? (गाली) तेरी औकात क्या है कि हमको ना कर दे? समझती क्या है खुद को नीच औरत। तुझे तो हम सबक सिखायेंगे। एफआईआर के मुताबिक इतना कहकर बिभव कुमार ने स्वाती मालीवाल पर थप्पड़ों की बारिश कर दी। सात आठ थप्पड़ मारने के बाद बिभव कुमार ने स्वाती मालीवाल के शर्ट को पकड़कर खींच लिया जिसके कारण न केवल उनके शर्ट की बटन टूट गयी बल्कि उनकी शर्ट भी खुल गयी। एफआईआर में स्वाती मालीवाल ने लिखवाया है कि वो लगातार मदद के लिए चिल्लाती रहीं लेकिन सीएम हाउस में कोई उनकी मदद के लिए सामने नहीं आया जबकि उस समय मुख्यमंत्री केजरीवाल सहित उनके दर्जनों स्टाफ और सिक्योरिटी पर्सनल सीएम हाउस में मौजूद था। आखिरकार जब स्वाती मालीवाल ने यह कहा कि उसका पीरियड चल रहा है इसलिए भगवान के लिए उसे छोड़ दो, तब जाकर बिभव कुमार ने उसे मारना बंद किया। स्वाती मालीवाल द्वारा दर्ज एफआईआर में आगे लिखा है कि उन्होंने अपना चश्मा उठाकर लगाया। शर्ट व्यवस्थित की और वहीं सोफे पर बैठ गयीं। इसके बाद गेट पर तैनात सिक्योरिटी को अंदर बुलाया गया जिसने उनको वहां से चले जाने के लिए कहा। इस घटना से जुड़ा वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। इसी वीडियो की आड़ में कुछ लोग यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि सीएम हाउस में स्वाति के साथ बहुत सभ्य व्यवहार हुआ था। इस पूरे घटनाक्रम में जो चौंकानेवाला तथ्य है वह यह कि जब सीएम केजरीवाल खुद उस समय सीएम हाउस में मौजूद थे तब उन्होंने यह सारा घटनाक्रम कैसे हो जाने दिया? सवाल यह भी है कि लगभग बीस साल से केजरीवाल के साथ काम कर रही स्वाति मालीवाल को ऐसा क्या करने के लिए कहा जा रहा था जिससे इन्कार करने के कारण उन्हें इस तरह से शारीरिक प्रताड़ना दी गयी? जो लोग आज उन्हें बीजेपी का एजंट बता रहे हैं उन्हें यह समझना चाहिए कि इतना सब होने के बाद स्वाति मालीवाल सीधे पुलिस स्टेशन नहीं गयीं। उन्होने एफआईआर भी तीन दिन बाद लिखवाई जब उन्हें यह समझ में आ गया कि पार्टी फोरम पर उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। स्वाती मालीवाल न केवल एनजीओ के दिनों से केजरीवाल के साथ हैं बल्कि वो पार्टी लाइन पर चलनेवाली महिला रही हैं। अपने काम और बयान से उन्होंने हमेशा बीजेपी को असहज किया है। इसलिए यह कहना कि आज वो बीजेपी के इशारे पर काम कर रही हैं उनकी चोट पर मरहम के बजाय नमक रगड़ने जैसा काम होगा। तीस हजारी कोर्ट में उनकी पेशी का वीडियो हो या मेडिकल रिपोर्ट। उन्हें देखकर और उनकी रिपोर्ट दोनों यह साफ साफ बता रही हैं कि उनके साथ मारपीट की गयी है। मेडिकल रिपोर्ट में बताया गया है कि उनके चेहरे और बायें पैर में अंदरुनी चोट लगी है। उनके चलने के अंदाज से भी लग रहा है कि उन्हें भीषण शारीरिक कष्ट से गुजरना पड़ा है जिससे अभी भी वो उबर नहीं पायी हैं। यह सब देखकर भी अगर कोई उन्हें किसी पार्टी के इशारे पर काम करनेवाला ठहराये तो यह उसकी राजनीतिक चालाकी होगी और कुछ नहीं। अपने सोशल मीडिया एकाउण्ट पर स्वाति मालीवाल ऐसे लोगों को जवाब दे भी रही हैं जो उन्हें बीजेपी का एजंट ठहरा रहे हैं। उन्हें ट्वीट किया है कि एक गुण्डे को बचाने के लिए उनके साथ यह सब किया जा रहा है। किसी पार्टी की अंदरुनी राजनीति क्या है इससे देश के लोगों को कुछ लेना देना नहीं होता। लेकिन यहां सवाल एक महिला सांसद की सीएम हाउस में हुई पिटाई से जुड़ा है। अगर पार्टी फोरम पर ही इस मामले को निपटा लिया गया होता तो संभवतः स्वाति मालीवाल पुलिस के पास भी नहीं जातीं। लेकिन अब वो पुलिस के पास पहुंच चुकी हैं और एफआईआर दर्ज हो चुकी है। बाकी पुलिस जांच में सामने आयेगा कि सीएम हाउस में उनके साथ क्या हुआ। लेकिन यह देश के हर नागरिक के लिए शर्म से सिर झुका देने वाली घटना है। अगर किसी सीएम हाउस में किसी महिला सांसद के साथ इस तरह की मारपीट हो सकती है तो नारी सम्मान और नारी अधिकार के राजनीतिक नारे का क्या मतलब रह जाएगा? वैसे भी राजनीति में नैतिकता उस अनाथ बच्चे की तरह होती है जिससे प्यार तो सभी करते हैं लेकिन अपने साथ कोई नहीं रखना चाहता। अतीत में भी राजनीति पूरी तरह से नैतिक रही होगी इसे दावे से नहीं कहा जा सकता लेकिन जैसे जैसे भारत में लोकतंत्र मजबूत हो रहा है नैतिकता कमजोर पड़ती जा रही है। दिल्ली के सीएम हाउस में स्वाति मालीवाल के साथ 13 मई को हुई मारपीट एक ऐसी ही घटना है जो एक नागरिक के तौर पर हमें शर्म से भर देती है। जिन सरकारी घरों की ओर हम इतने सम्मान से देखते हैं,जहां हमारे द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधि जाकर निवास करते हैं अगर उन घरों के भीतर यह सब होता है जो एक राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुआ तो एक नागरिक का आत्मविश्वास टूटता है। इस पर सभी राजनीतिक दलों को ध्यान देने की जरूरत है कि नारी सम्मान या अधिकार की बात सिर्फ राजनीतिक नारेबाजी न हो बल्कि राजनीतिक लोग उसका पालन सबसे पहले अपने आचरण और व्यवहार से करके दिखायें।

**-संजय तिवारी-**

## गजब का सामंजस्य

लोकसभा चुनाव में मोदी-योगी की जोड़ी को खूब पसंद किया जा रहा है। इतना ही नहीं, दोनों नेता अपने-अपने भाषण में एक-दूसरे का खूब बखान भी कर रहे हैं। गजब का सामंजस्य चल रहा है। इसके पीछे की पूरी पटकथा लिखी हुई है।यह सभी जानते हैं कि दिल्ली तक पहुंचने में उत्तर प्रदेश का योगदान सबसे महत्त्वपूर्ण और सर्वाधिक होता है। इस नाते लोक सभा चुनाव 2024 की पहली सभा मोदी ने उत्तर प्रदेश में ही की और शायद अंतिम सभा भी उत्तर प्रदेश में ही होगी। चुनावी सभा के दौरान मोदी योगी की प्रशंसा करते नजर आ रहे हैं, और उससे भी अधिक योगी मोदी की प्रशंसा करते नजर आ रहे हैं। यह सामंजस्य देखने को खूब मिल रहा है। चुनावी सभा, रोड शो, रैली में जहां दोनों पहुंच रहे हैं, वहां विशाल भीड़ इकटठा हो रही है।मोदी बार-बार कहते नजर आ रहे हैं कि योगी जी मेरे भी मुख्यमंत्री हैं। इन्होंने माफिया राज को खत्म कर दिया है और योगी यह कहते नजर आ रहे हैं कि मोदी की गारंटी, अबकी बार 400 पार। यहां तक ही नहीं, जब राम मंदिर की बात आ रही है तो योगी बार-बार मोदी को श्रेय दे रहे हैं जबकि यह भी सभी जानते हैं कि योगी ने राम मंदिर निर्माण के लिए रात-दिन एक कर दिया था। बार-बार अयोध्या जा कर मॉनिटरिंग करना, आत्मबल बढ़ाना, विरासत और विकास की बातें खूब हो रही हैं। लोक सभा की 80 सीटें उत्तर प्रदेश में हैं, और गिनी-चुनी सीटों को छोड़ दिया जाए तो कयास ये लगाए जा रहे हैं कि उत्तर प्रदेश की 65 से ऊपर सीटें भाजपा के पास रहेंगी और इसका श्रेय सीधे तौर पर योगी को जाता है। केंद्र की योजनाओं और प्रदेश की योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे मुलाकात और बूथ लेवल कार्यकताओं का लाभार्थियों से सीधा संपर्क बना हुआ है। इसी नाते मोदी भी योगी की खूब प्रशंसा कर रहे हैं। पूरे देश में चुनावी सभा में जिस तरह से योगी की डिमांड हो रही है, वह अपने आप में एक उदाहरण है। स्टार प्रचारक के रूप में उन्हें जनता हर जगह चाह रही है। उत्तर प्रदेश के बदलाव को बखूबी लोग अपनी जुबां से बयां कर रहे हैं। गोरखपुर का बदलाव भी योगी के कद को बढ़ा ही नहीं रहा है, बल्कि आसपास की लोक सभा सीटों को एक संदेश भी दे रहा है।कानून व्यवस्था तो जैसी यूपी की है, शायद ही किसी अन्य प्रदेश की हो। अपराध और अपराधी यूपी से गायब हो गए हैं। अब उत्तर प्रदेश में कहीं गुंडा टैक्स नहीं चलता। दंगों, कर्फ्यू, रंगदारी, अपहरण, डराना-धमकाना उत्तर प्रदेश से सब समाप्त हो चुका है। इन सभी मुद्दों को लेकर दोनों नेता चर्चा करते नजर आ रहे हैं। प्रथम चरण के चुनाव के बाद जिस तरह से पूरी भाजपा टीम को और मजबूती से लगाया गया है, पूरी तरह से उत्तर प्रदेश में एक नया संदेश देना चाहती है भाजपा। चार जून को लोक सभा चुनाव के परिणाम आने के बाद योगी का कद और बढ़ेगा। योगी विरासत और विकास की बातों के साथ-साथ अपनी पुरानी छवि, फायर ब्रांड हिन्दूवादी नेता की, को कायम रखे हुए हैं। उसी तौरतरीके से उनका चुनावी भाषण भी हो रहा है। बल्कि चुनावी भाषण को छोड़ दिया जाए तो योगी ने अपने नियमित भाषण में बड़ा ही परिवर्तन किया था, तकनीकी और विकास की बारे अधिक होती रहती थीं। लोक सभा चुनाव के ऐलान के बाद राज्यवार स्टार प्रचारकों की लिस्ट में भी योगी को वरीयता दी गई।

**-राजेश मणि-**

## घोस्ट के बारे में



ओतेरी सेल्वा कुमार
-चेन्नई तमिलनाडु-


स्मिथ परिवार हमेशा एल्म स्ट्रीट पर पुरानी विक्टोरियन हवेली की ओर आकर्षित रहता था। प्रेतवाधित होने की प्रतिष्ठा के बावजूद, इसकी भव्यता और सुंदरता निर्विवाद थी। जब घर आखिरकार बाज़ार में आया, तो परिवार एक प्रस्ताव देने से खुद को रोक नहीं सका।



जैसे-जैसे वे अंदर आये, अजीब चीज़ें घटित होने लगीं। दरवाज़े चरमराते हुए खुलते और बंद होते थे, और फुसफुसाहट की आवाज़ हर जगह उनका पीछा करती हुई प्रतीत होती थी। सबसे पहले,उन्होंने इसे एक पुराने घर की विशिष्ट चरमराहट और कराह के रूप में खारिज कर दिया, लेकिन जल्द ही, घटनाएं अधिक लगातार और तीव्र हो गईं। छोटी बेटी एमिली ने एलिज़ाबेथ नाम की एक काल्पनिक दोस्त के बारे में बात करना शुरू कर दिया, जिसके बारे में उसका दावा था कि वह घर में रहती थी। उसके माता-पिता, मार्क और सारा को संदेह था,लेकिन जैसे-जैसे एलिजाबेथ के बारे में एमिली का विवरण अधिक विस्तृत होता गया, उन्हें आश्चर्य होने लगा कि क्या उसके दावों में सच्चाई है। एक रात, अटारी की खोज करते समय, मार्क को एलिजाबेथ नाम की एक लड़की की एक पुरानी डायरी मिली, जो एक सदी पहले घर में रहती थी। जैसे ही उन्होंने प्रविष्टियाँ पढ़ीं, उन्हें पता चला कि एलिजाबेथ की रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी, और कहा जाता है कि उनकी आत्मा घर में भटकती थी।

जैसे-जैसे परिवार रहस्य की गहराई में उतरता गया, उन्हें अधिक तीव्र असाधारण गतिविधि का अनुभव होने लगा। दरवाज़े ज़ोर से बंद हो गए, वस्तुएँ अपने आप हिलने लगीं, और अलग आवाज़ें उनके नाम फुसफुसाने लगीं। यह स्पष्ट हो गया कि एलिजाबेथ की आत्मा उनसे संवाद करने की कोशिश कर रही थी। एलिजाबेथ को शांति पाने में मदद करने के लिए दृढ़ संकल्पित स्मिथ परिवार ने उसकी मौत की जांच शुरू कर दी। उन्होंने एक गहरे पारिवारिक रहस्य का पर्दाफाश किया, जो पीढ़ियों से छिपा हुआ था। एलिज़ाबेथ के पिता, जो घर के मूल मालिक थे, ने अपने परिवार की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एक दुष्ट संस्था के साथ एक समझौता किया था। इकाई ने भुगतान के रूप में एलिजाबेथ के जीवन का दावा किया था, और उसकी आत्मा तब से घर में फंसी हुई थी।

इस ज्ञान से लैस होकर, स्मिथ ने एलिजाबेथ की आत्मा को इकाई की पकड़ से मुक्त करने के लिए एक अनुष्ठान किया। जैसे ही उन्होंने अंतिम शब्द बोले, कमरे में एक तेज़ रोशनी भर गई और एलिज़ाबेथ की उपस्थिति गायब हो गई।

उस दिन से, अजीब घटनाएँ बंद हो गईं, और स्मिथ परिवार को अंततः अपने नए घर में शांति महसूस हुई। एमिली अब एलिजाबेथ के बारे में बात नहीं करती थी, लेकिन उसके माता-पिता जानते थे कि उनकी बेटी ने फंसी हुई आत्मा को शांति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।जैसे ही वे अपने नए जीवन में बस गए, स्मिथ को एहसास हुआ कि उनके अनुभव ने उन्हें एक परिवार के रूप में करीब ला दिया है। उन्होंने अज्ञात का सामना किया था और दूसरी तरफ मजबूत होकर उभरे थे। और जब वे अपने आरामदायक लिविंग रूम में बैठे थे, अपने परिवार की गर्मजोशी और प्यार से घिरे हुए थे, तो उन्हें पता था कि वे हमेशा एक साथ खड़े रहेंगे, चाहे आगे कितनी भी चुनौतियाँ क्यों न हों।गोस्ट कहानी के बारे में यह ख़त्म नहीं हुई है यह कभी भी शुरू हो जाएगी।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## विज्ञान और धर्म संसार के दो शासक



प्रियंका सौरभ
बड़वा (सिवानी) भिवानी, हरियाणा


समाज में धर्म और विज्ञान की भूमिका प्रभावशाली है। विज्ञान और धर्म के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर यह है कि पहले का संबंध प्राकृतिक दुनिया से है जबकि दूसरे का संबंध प्राकृतिक और अलौकिक दोनों संस्थाओं से है। विज्ञान तथ्यों की उचित प्रमाण एवं प्रमाण सहित व्याख्या करता है। यह हमेशा सवालों के जवाब देने के लिए तार्किक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करता है। धर्म लोगों को शक्ति पर निर्भर बनाता है और यह शक्ति प्राकृतिक या अलौकिक हो सकती है। यह हमेशा विश्वासों और विश्वासों पर निर्भर होता है। धर्म के अनुसार सब कुछ अज्ञात शक्ति के प्रभाव से होता है। जबकि विज्ञान सदैव तार्किक तथ्यों एवं प्रमाणों पर निर्भर रहता है। जब धर्म ने विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के लिए मार्ग प्रशस्त किया, तो विज्ञान ने खोजों के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

धर्म और विज्ञान के बीच संबंध को दुनिया में सबसे अधिक बहस वाले विषयों में से एक माना जा सकता है। विज्ञान और धर्म के बीच संबंधों पर कुछ तर्क संघर्ष पैदा करते हैं, जबकि अन्य सोचते हैं कि यह दो अलग-अलग संस्थाएं हैं जो दो अलग-अलग मानवीय अनुभवों से निपटती हैं। कुछ धार्मिक और वैज्ञानिक संगठनों का कहना है कि धार्मिक आस्था और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बीच इस तरह के टकराव की कोई आवश्यकता नहीं है। धर्म और विज्ञान जटिल सामाजिक विषय हैं जो विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के अनुसार भिन्न हो सकते हैं। यह लेख हमें विज्ञान और धर्म की विभिन्न अवधारणाओं को देखने देता है और वे एक-दूसरे से कैसे संबंधित हैं। विज्ञान और धर्म के बीच संबंध सद्भाव, जटिलता और संघर्ष की विशेषता है। समाज में व्यक्ति के विचारों को आकार देने में विज्ञान और धर्म की भूमिका महत्वपूर्ण है।

धर्म मान्यताओं,रीति-रिवाजों और परंपराओं का एक संग्रह है। इसे नियंत्रक शक्ति के प्रति पूजा भी कहा जाता है। धर्म सदैव ईश्वर पर केन्द्रित नहीं हो सकता। यह किसी भी प्रकार की शक्ति के प्रति समर्पण हो सकता है। विज्ञान की भाँति मध्यकाल में धर्म शब्द का भी कोई उचित अर्थ नहीं था। मानवविज्ञानी ईबी टेलर के साहित्यिक कार्यों के माध्यम से इसे अपना वर्तमान उद्देश्य प्राप्त हुआ। उनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने दुनिया भर में धर्म का प्रतिनिधित्व करने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। धर्म किसी समाज और व्यक्ति की गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसका असर व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है।




विज्ञान को ज्ञान की खोज और अनुप्रयोग तथा प्रयोगों,अवलोकनों और उचित साक्ष्यों के माध्यम से दुनिया को समझने के रूप में परिभाषित किया गया है। पुराने काल में विज्ञान का अर्थ प्राकृतिक दर्शन या प्रयोगात्मक दर्शन था। इसका सटीक सन्दर्भ उन्नीसवीं शताब्दी में आया और प्रयोग किया गया। विलियम व्हीवेल ने वैज्ञानिक शब्द का मानकीकरण उन लोगों के रूप में किया जो विज्ञान के अभ्यासकर्ता हैं। संक्षेप में विज्ञान को संसार और उसके व्यवहार के प्रति जिज्ञासा माना जा सकता है। विज्ञान सदैव एक रहस्य है। प्रत्येक परीक्षा और खोज से विज्ञान में अधिक प्रश्न उत्पन्न होते हैं।

प्राकृतिक दुनिया,इतिहास,दर्शन और धर्मशास्त्र का विश्लेषण करके विज्ञान और धर्म के बीच संबंध का अध्ययन किया जा सकता है। विज्ञान प्राकृतिक दुनिया की जांच और विश्लेषण करता है, जबकि धर्म आध्यात्मिक या अलौकिक रूप से दुनिया का विश्लेषण करता है। कई वैज्ञानिकों, धर्मशास्त्रियों, दार्शनिकों आदि ने कहा है कि विज्ञान और धर्म के बीच अन्योन्याश्रयता है । यह भी सच है कि धार्मिक तथ्य कई वैज्ञानिक तथ्यों को प्रभावित करते हैं। सबसे अच्छा उदाहरण यह है कि कुछ लोग अभी भी प्राकृतिक प्रक्रिया द्वारा विकास के सिद्धांत को अस्वीकार करते हैं और मानव अस्तित्व की धार्मिक मान्यता में विश्वास करते हैं। विज्ञान और धर्म के बीच संबंधों पर चर्चा एक संघर्ष में समाप्त होती है। जैसा कि पहले ही उल्लेख किया गया है, विज्ञान और धर्म शब्द 19वीं शताब्दी में उभरे और इन्हें किसी व्यक्ति के आंतरिक गुण माना जाता था और प्रथाओं या ज्ञान का संदर्भ नहीं दिया जाता था। हमारी समझ, विचारों और यहां तक कि हमारे भविष्य को आकार देने में धर्म और विज्ञान की अलग-अलग भूमिकाएँ हैं। जब धर्म उस भावना में योगदान देता है जिसे मानव मस्तिष्क नहीं पकड़ सकता, तो विज्ञान मन के असीमित विचारों और प्रयोगों के माध्यम से खोज करता है।

समाज में धर्म और विज्ञान की भूमिका प्रभावशाली है। विज्ञान और धर्म के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर यह है कि पहले का संबंध प्राकृतिक दुनिया से है जबकि दूसरे का संबंध प्राकृतिक और अलौकिक दोनों संस्थाओं से है। विज्ञान तथ्यों की उचित प्रमाण एवं प्रमाण सहित व्याख्या करता है। यह हमेशा सवालों के जवाब देने के लिए तार्किक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करता है। धर्म लोगों को शक्ति पर निर्भर बनाता है और यह शक्ति प्राकृतिक या अलौकिक हो सकती है। यह हमेशा विश्वासों और विश्वासों पर निर्भर होता है। धर्म के अनुसार सब कुछ अज्ञात शक्ति के प्रभाव से होता है। जबकि विज्ञान सदैव तार्किक तथ्यों एवं प्रमाणों पर निर्भर रहता है। जब धर्म ने विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के लिए मार्ग प्रशस्त किया, तो विज्ञान ने खोजों के लिए मार्ग प्रशस्त किया। वैज्ञानिक आस्तिक होने का मतलब यह नहीं है कि कोई व्यक्ति आध्यात्मिक नहीं हो सकता। ऐसे कई वैज्ञानिक और धार्मिक लोग हैं जो क्रमशः धर्म और विज्ञान में विश्वास करते हैं। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि विज्ञान और धर्म मानव जीवन के दो आवश्यक पहलू हैं। विज्ञान और धर्म के बीच संबंधों की चर्चा व्यापक है लेकिन अंत में अधूरी रह जायेगी। वास्तव में, हम यह कह सकते हैं कि विज्ञान और धर्म एक ही समय में पूरक और गतिशील दोनों हो सकते हैं। धर्म की तुलना में विज्ञान को अधिक व्यवस्थित और तार्किक माना जाता है।

विज्ञान एक वस्तुनिष्ठ विचार है, जबकि धर्म एक व्यक्तिपरक विचार है। विज्ञान और धर्म अलग-अलग पहलुओं में बहुत करीब से जुड़े हुए हैं। विज्ञान हमेशा अपने कथनों को प्रदर्शित करने के लिए तथ्यों और तर्क पर निर्भर करता है, जबकि धर्म लोगों की आस्था और शक्ति पर निर्भर करता है। विज्ञान किसी उत्तर को हल करने के लिए प्रयोग और अवलोकन विकसित करने पर केंद्रित है। धर्म उन प्रश्नों को संबोधित करता है जिनका उत्तर सटीक डेटा के साथ नहीं दिया जा सकता है। विज्ञान और धर्म को संसार के दो शासक कारक कहा जा सकता है। विज्ञान और धर्म वाक्यांश पहली बार 19वीं शताब्दी में एक साथ संरचित किया गया था। ये दोनों शब्द वास्तविकता की अलग-अलग धारणाओं के रूप में उत्पन्न हुए।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

### श्रमिक




लक्ष्मी नारायण सेन
खुटेरी गरियाबंद छत्तीसगढ़


मुख मे मुस्कुराहट भी है भारी।
सिर मिट्टी पत्थर से सजी भारी।।
थकान तो तन मे रहती है भारी।
मेरी हलात जानती दुनिया सारी।।
मै माँ धरती की हूँ बड़ी अभारी।
देती मुझे ढोने की सब वस्तु सारी।।
होती धरा की गोद हर दम मेरी शय्या।
मै संतान हूँ और धरती है मेरी मैया।।
काम में कटता मेरा एक पहर।
खेत खलिहान गांव हो या शहर।।
परिश्रम ही आज या कल की मेरी पूंजी
हर समस्या की होती यह उत्तम मेरी कुंजी
खाली घर मै रोज निश्चिंत सोता।
मन में मेरा ना कोई विचलन होता।
दो वक्त की रोटी की होती मुझे चिंता
पगार खातिर माह की दिन मैं गिनता

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

### हे नारी



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम गरियाबंद छत्तीसगढ़


शक्तिहीन नारी नहीं,सूर्य किरण की धूप
अम्बे चंडी कालिका,गौरी लक्ष्मी रूप
गर नारी अपमान हो,भरे देह में क्रोध।
मृत्युदंड साहस रखे,और करें प्रतिशोध
पुरुषों सी है योग्यता,उड़ें गगन की ओर
प्रथम सदा नारी रहे,है जग में यह शोर
गंगाजल सा वक्ष हो,ना मलीन ये होय
सत्य मार्ग चलती रहे,जीवन भर ना रोय
हे नारी ! चहुँओर है,तेरा ही गुणगान।
अहम भाव ना पालना,ना खोना सम्मान
यश फैले ऐसे सदा, जैसे बहता नीर।
रहे हृदय में सौम्यता,ममता की तस्वीर

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

C M Y K

# लखनपुर के रहवासी क्षेत्र में अवैध कबाड़ दुकान और गोदाम का संचालन

## कबाड़ दुकानों में चोरियों के सामान की खरीदी बिक्री खुलेआम

### बाहर के श्रमिकों से गांव-गांव में कराई जा रही कबाड़ खरीदी







- मनोज कुमार -
लखनपुर,20 मई 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर नगर सहित आस पास के गाव में लंबे समय से अवैध कबाड़ दुकान और गोदाम का संचालन किया जा रहा है। इन कबाड़ दुकानों में गाड़िया,बैटरी, छड़, टीन,एलमुनियम,तांबा सहित चोरी के सामानों की की खरीदी बिक्री खुलेआम की जा रहि है। यही नहीं कबाड़ दुकान संचालकों के द्वारा बाहर से श्रमिक बुलाकर गांव-गांव में लोहा लंगड़ और कबाड़ की खरीदी कराई जाती है और उसे ऊंचे दामों में बाहर बेच गाढ़ी कमाई की जा रही है। कबाड़ दुकान में बाहर से आने वाले श्रमिकों का डाटा पुलिस थाने में कबाड़ दुकान संचालकों के द्वारा जमा नहीं किया जाता है। और अवैध तरीके से लखनपुर क्षेत्र के गांव गांव घूमकर कबाड़ की खरीदी कर रहे और लखनपुर में संचालित अवैध कबाड़ दुकानों में लाकर उसे बेच रहे। लखनपुर क्षेत्र में अवैध कबाड़ दुकान खुलने से नशेड़ी अपने नशा को पूरा करने निर्माणधीन मकान से छड़, लोहा फार्मा, गाड़ी,बैटरी सायकल चोरी कर इन दुकानों में सस्ते दामों में बेच अपने नशे के लत की पूर्ति कर रहे हैं। क्षेत्र में संचालित इन कबाड़ दुकानों के खिलाफ़ प्रशासन के द्वारा जांच एक बार भी नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि अवैध रूप से कबाड़ दुकान संचालित है इन्हें जिम्मेदार विभागों द्वारा सीधे तौर पर संरक्षण है। रहवासी क्षेत्र में कबाड़ दुकान का हो रहा संचालन।

### कबाड़ दुकानों की आज तक नहीं हुई जांच

जूना लखनपुर,लखनपुर,भरतपुर,जुनाडीह,राजाकटेल सहित अन्य स्थानों पर संचालित अवैध कबाड़ दुकानो में जांच नहीं होने से संचालकों के हौसले ही इतने बुलंद है कि खुलेआम चोरी की सामान खरीदी की जा रही है और इन कबाड़ दुकान संचालकों द्वारा ट्रकों और पिकअप वाहनों में कबाड़ भरकर सरगुजा सहित अन्य जिलों में संचालित बड़े कबाड़ दुकानों में ऊंचे दाम में कबाड़ बिक्री कर गाड़ी कमाई की जा रही है। क्षेत्र में कबाड़ दुकान खुल जाने से चोरी की घटनाएं बढ़ गई है जिसे लेकर क्षेत्र के लोग परेशान हैं। और संचालित कबाड़ दुकानों की सूक्ष्म जांच की मांग की जा रही है।

# खाना नहीं बनाई तो शराबी पति ने टांगी से हमला कर पत्नी को उतार मौत के घाट




- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 मई 2024 (घटती-घटना)।

कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पैगा में रविवार को खाना नहीं बनाने की बात को लेकर शराबी पति ने पत्नी की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार विनाश साय (38) पति जहल साय कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पैगा की रहने वाली थी। इसका पति शराब पीने का आदि है। रविवार को जहल साय शराब पीकर घर आया और पत्नी से खाना मांगने लगा। पत्नी खाना नहीं बनाई थी, इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान शराब के नशे में पति ने पत्नी के सिर व चेहरे पर टंगी से हमला कर दिया। सर में गंभीर चोट लगने के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पति मौके से फरार हो गया। गांव के सरपंच ने मृतका के भाई लखन माझवार को घटना की जानकारी मोबाइल से दी। सूचना पर भाई पहुंचा तो उसकी बहन घर में मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। वह मामले की जानकारी कमलेश्वरपुर थाने को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। मृतका के भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी पति जहल साय (41) को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो वह पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त टांगी जब्त किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर उप निरीक्षक अशोक शर्मा, महिला आरक्षक सविता पैकरा आरक्षक परवेज फ़िरदौशी अर्जुन पैकरा शामिल रहे।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में लॉटरी से प्रवेश प्रक्रिया



### 55 रिक्त सीटों में बच्चों का हुआ चयन

- संवाददाता -
लखनपुर,20 मई 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बच्चो के प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली गई जिसमें कक्षा पहली में 50 बच्चों का चयन किया गया इसके अलावा कक्षा पांचवी में दो बच्चों का कक्षा सातवीं में तीन बच्चों का रिक्त सीटों पर लॉटरी के जरिए प्रवेश प्रक्रिया पूरी की गई। प्रवेश प्रक्रिया में विशेष रूप से सभी वर्ग बीपीएल बालक /बालिकाएं एपीएल बालक/बालिकाये सहित अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रतिनिधि,सीईओ , बीईओ, सीएमओ प्रतिनिधी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। स्वामी आत्मानंद विद्यालय में कक्षा पहली में बालक/बालिकाए मिलाकर 50 रिक्त सीटों के लिए 84 आवेदन, कक्षा पांचवी में दो रिक्त सीटों के लिए 16 आवेदन,कक्षा सातवीं में तीन रिक्त सीटों के लिए 10 आवेदन आए रिक्त सीटों में बच्चों के चयन हेतू बच्चों के अभिभावकों और उपस्थित अतिथियों के समक्ष लॉटरी निकाली गई। चयनित छात्रों को अतिथियों द्वारा बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रवेश से वंचित से छात्रों को निराश न होकर अन्य विद्यालयों में अपना स्थान सुनिश्चित करने की बात कही है। इस दौरान स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार वर्मा, दीप्ति पाठक, सरवन साहू सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### 10 वीं 12 वीं में शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में लखनपुर के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहा विद्यालय में कक्षा दसवीं में अंग्रेजी माध्यम में कुल 41 विद्यार्थी थे जिसमें सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कुमारी गुंजन गुप्ता ने 94% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी सीमा चौरसिया ने 92% कुमारी लिसा साहू 91.6% अंक प्राप्त किया बालकों में आदित्य कुमार बारी ने 91% अंक हासिल किया है।12 वीं अंग्रेजी माध्यम में जयप्रकाश एक्का ने वाणिज्य संख्या में 87 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया। गणित संकाय में कुमारी दुर्गावती ने 82% और जीव विज्ञान संकाय में अमन साहू ने 79.02% अंक प्राप्त किया अंग्रेजी माध्यम में वाणिज्य संख्या में कुमारी शालिनी राजवाड़े और सत्येंद्र कुमार साहू ने 85% आकाश ठाकुर और प्रियांशु राजवाड़े ने 84% अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 12 वीं में कुल 32 छात्र थे जिसमें 29 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और तीन द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहे।अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 10 वीं 12 वीं में विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। हिंदी माध्यम में कक्षा दसवीं में 50 छात्र परीक्षा में भाग लिया जिसमें 40 छात्र पास हुए हरिओम ने 74% के साथ प्रथम स्थानअर्जित किया। विद्यालय का परिणाम 80% रहा। कक्षा 12 वीं में 89 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 73 छात्र पास हुए 19 छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए सत्यम यादव ने 76.4% के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार वर्मा ने सभी छात्रों एवं शिक्षकों को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले कुल 132 वाहन चालको से कुल 82950 रुपये समन शुल्क किया गया वसूल

- वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन पर बात करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कुल 37 वाहन चालको से कुल 11100/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल
- वाहन चालको द्वारा मौक़े पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नही करने के कुल 11 वाहन चालको से 3300/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल
- बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वाले कुल 04 वाहन चालकों से 2000/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल
- दोपहिया वाहन मे तीन सवारी चलने के मामलो मे कुल 03 वाहन चालकों से 1500/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल
- बिना वर्दी के सार्वजानिक सेवा का वाहन चलाने वाले 02 वाहन चालकों से 600/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल
- अन्य यातयात नियमो की अवहेलना करने वाले 11 वाहन चालकों से कुल 23750/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल



- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 मई 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे कल दिनांक कों जिले मे सघन चेकिंग अभियान जारी रखा गया चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन मे बात करने वाले वाहन चालकों,मौक़े पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नही करने, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चलाने वाले वाहन चालकों एवं बिना वर्दी के सार्वजानिक सेवा का वाहन चलाने वाले वाहन चालकों से कार्यवाही करते हुए कुल 132 वाहन चालको से 82950/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं।

कार्यवाही के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन पर बात करने वाले 37 वाहन चालको से कुल 11100/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया, मौक़े पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर 11 वाहन चालकों से 3300/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वाले कुल 04 वाहन चालकों से 2000/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी चलने वाले 03 वाहन चालकों से कुल 1500/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं, बिना वर्दी के सार्वजानिक सेवा का वाहन चलाने वाले 02 वाहन चालकों से 600/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं साथ ही अन्य यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले 11 वाहन चालकों से कुल 23750/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं।

सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख़्ती से लगातार कार्यवाही जा रही हैं, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों से अपील करती हैं कि आमनागरिक यातायात के नियमो का पालन करें, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों की सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

# चाकू दिखाकर 5 लोगों से लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 मई 2024 (घटती-घटना)।

लूट के मामले में गांधीनगर पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सूरजपुर जिले से मवेशी खरीद कर जशपुर जा रहे लोगों के साथ आरोपियों ने चाकू दिखाकर गंगापुर नला के पास 10 हजार रुपए व दो नग मोबाइल लूट लिए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। सराईपानी रगरा थाना बगीचा जिला जशपुर का रहने वाला रामसाय 15 मई को गांव के ही चार अन्य लोगों के साथ कृषि कार्य के लिए मवेशी खरीदने सूरजपुर गया था। मवेशी खरीदकर अंबिकापुर के रास्ते पैदल सभी वापस घर लौट रहे थे। गांधीनगर थाना क्षेत्र के गंगापुर स्थित नाला के पास पहुंचे ही थे की दोपहर दो बजे दो अज्ञात व्यक्ति मिले और दोनों रामसाय व उसके अन्य साथियों को चाकू दिखाकर धरा धमकाकर सभी लोगों से 10 हजार रुपए नकद व दो नग मोबाइल लूटकर फरार हो गए। रामसाय ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान प्रार्थी द्वारा बताए गए हुलिए के अनुसार व मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने विजय सोनी (42) व मुराद खान (21) दोनों निवासी अजिरमा थाना गांधीनगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 हजार रुपए नकद व दो नग लूटे गए मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# किसी भी चीज को सीखने के लिए जीवन में जिज्ञासा होना बहुत आवश्यक






- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 मई 2024 (घटती-घटना)।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद् सेवा प्रभाग द्वारा नव विश्व भवन चोपड़ापारा में छात्रों के सर्वागींण विकास के लिए आयोजित समर कैम्प उमंग 2024 का समापन समारोह का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात समर कैम्प में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और खेल स्पर्धाओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसमें बेस्ट स्टूडेंट ऑफ समर कैंप का पुरस्कार होलीक्रॉस इंग्लिश मीडियम स्कूल से कक्षा 9 वीं के छात्र ऋषभ कुशवाहा और होलीक्रॉस हिन्दी मीडियम से कक्षा 10 वीं की छात्रा आश्विन पैकरा ने जीता। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कमांडेंट राजेश पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनुशासन के बिना जीवन में कुछ भी प्राप्त नहीं हो सकता। किसी भी चीज को सीखने के लिए जीवन में जिज्ञासा होना बहुत आवश्यक है। जिज्ञासा ही एक ऐसा माध्यम है, जो सदा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये प्रेरित करता है और एक न एक दिन सफलता के शिखर पर पहुंचा देता है। यदि मन में जिज्ञासा उत्पन्न होती है तो उसे मन में छिपाकर रखने की बजाय किसी न किसी से शेयर जरूर करें। आगे उन्होंने बच्चों को समझाते हुए कहा कि हमें किसी से तुलना व प्रतिस्पर्धा नहीं करनी चाहिए क्योंकि ऐसा होने पर स्वयं को बहुत दुःखी और तनाव में महसूस करते हैं। इससे मन की शांति और एकाग्रता धीरे- धीरे खत्म होने लगती है और अपने जीवन से निराश होने लगते है। अपने मन को मेडिटेशन, ध्यान के माध्यम से सदा खुश रखें क्योंकि इससे मन चार्ज होता है और हर चीज को ग्रहण करने की शक्ति बढ़ती है। होम गार्ड कमांडेंट शिवकुमार कठौतिया ने कहा कि कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को उमंग समर कैम्प 2024 का उत्कृष्ट उपस्थिति का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन बीके प्रतिमा बहन और प्रीतम जायसवाल ने किया। सरगुजा संभाग की सेवाकेन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहा कि राष्ट्र का निर्माण बच्चों से होता है। विद्यार्थी जीवन सबसे अच्छा जीवन होता हैं। यदि विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मकता आ जाये तो पूरा संसार सकारात्मक हो सकता है जिससे श्रेष्ठ संसार का निर्माण हो सकता है। परन्तु चिन्ता का विषय तो यह है कि छोटे बच्चे तनाव, डिप्रेशन जैसी समस्याओं का शिकार होते जा रहे है, जिससे इनके अन्दर की एकाग्रता,स्थिरता और दृढ़ता की शक्ति कम होती जा रही है, जो लक्ष्य रखते हैं, उस लक्ष्य तक पहुंच नहीं पाते हैं। बच्चों के पास डिग्रियों के साथ आध्यात्मिकता गुण, नैतिक मूल्य, अच्छे संस्कार और सेवाभावना समाहित हो तो वो एक अच्छे इंसान बन, अपने परिवार, समाज और देश के लिये आदर्श स्थापित कर सकते हैं। इसी लक्ष्य से विगत 15 वर्षो से यह समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। होम गार्ड कमांडेंट शिवकुमार कठौतिया ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विलुप्त संस्कृति फिर जागृत होगी। उन्होने बच्चों से आग्रह करते हुये कहा कि रोज सुबह उठते ही माता- पिता का पैर छूना चाहिये, क्योंकि माता- पिता से जो आशीर्वाद मिलता है, वो भगवान के आशीर्वाद के सामान होता है। जो बच्चे अपने माता- पिता के सामने झुकते हैं,वे जीवन की किसी भी परिस्थिति के सामने नहीं झुक सकते क्योंकि ऐसे समय में उनके माता- पिता की दुआयें छत्र छाया बन जातीं हैं। वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मंगल पाण्डे ने कहा बच्चों के चारित्रिक और नैतिक विकास से ही संसार का विकास होगा।

CMYK

# लाई चिंग ते ने ताइवान के नए राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ

**ताइवान,20 मई 2024।** ताइवान में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के लाई चिंग ते ने सोमवार को लोकप्रिय नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। पदभार ग्रहण करने के बाद, लाई ताइवान के राष्ट्रपति बनने वाले तीसरे निवर्तमान उपराष्ट्रपति बन गए है।

ताइवान में 1996 में पहला प्रत्यक्ष राष्ट्रपति चुनाव हुआ था। लाई ने ताइवान की राजधानी ताइपे में राष्ट्रपति कार्यालय भवन के बाहर उद्घाटन भाषण दिया। सुबह के समारोह में ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में अपना चार साल का कार्यकाल शुरू किया।

उन्होंने कहा है कि वह बीजिंग की धमकियों का विरोध करते हुए और ताइवान की सुरक्षा को बढ़ाएंगे। वे वाशिंगटन और अन्य पश्चिमी भागीदारों के साथ संबंधों को मजबूत करेंगे। वह बीजिंग में एक अस्थायी जैतून शाखा का विस्तार कर सकते हैं। उन्होंने कहा हम राष्ट्रीय सुरक्षा, क्रॉस-स्ट्रेट मुद्दों और विदेश नीति में निरंतरता पर जोर देखेंगे।

नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते ने चीन से इस किया ये अनुरोध

ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने पद संभालने के बाद अपने पहले भाषण में अपने कट्टर दुश्मन चीन से इस स्वशासित द्वीप के खिलाफ सैन्य धमकी न देने का अनुरोध किया। चीन,ताइवान पर अपना दावा जताता है। लाई ने इस साल की शुरुआत में चुनाव जीतने के बाद सोमवार को एक समारोह में पद की शपथ ली। वह अपेक्षाकृत उदारवादी नेता हैं जिनसे चीन के खिलाफ अपनी सुरक्षा को मजबूत करने की कोशिश करते हुए ताइवान की वास्तविक स्वतंत्रता नीति को जारी रखने की उम्मीद है। उन्होंने साई इंग-वेन का स्थान लिया है जिन्होंने कोविड-19 महामारी और चीन की बढ़ती सैन्य धमकियों के बावजूद आठ साल तक देश के आर्थिक और सामाजिक विकास का नेतृत्व किया।



### उपराष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभाल चुके लाई चिंग

उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति साई इंग-वेन का स्थान लिया है, जिन्होंने कोविड-19 महामारी और चीन के बढ़ते सैन्य खतरों के बीच आठ साल तक ताइवान का नेतृत्व किया और देश को आर्थिक एवं सामाजिक विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाया। लाई ने साई के दूसरे कार्यकाल में उपराष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभाली थी। उन्होंने 2017 में खुद को ताइवान की स्वतंत्रता के लिए काम करने वाला कार्यकर्ता बताया था और उनके इस बयान की चीन ने कड़ी निंदा की थी। इसके बाद से उन्होंने अपना रुख नरम किया और अब वह ताइवान जलडमरूमध्य में यथास्थिति बनाए रखने एवं चीन के साथ बातचीत की संभावना का समर्थन करते हैं।

### शपथ ग्रहण करने पर लाई को इन्होने दी बधाई

लाई के शपथ ग्रहण करने पर उन्हें उनके देश के नेताओं और ताइवान के साथ आधिकारिक राजनयिक संबंध रखने वाले 12 देशों के प्रतिनिधिमंडलों के अलावा अमेरिका, जापान और विभिन्न यूरोपीय देशों के नेताओं ने बधाई दी। लाई ने दक्षिणी शहर ताइनान के मेयर के रूप में राजनीति में प्रवेश किया था और वहां से वह उपराष्ट्रपति और फिर राष्ट्रपति पद तक पहुंचे हैं। लाई अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करने के साई के प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे।

### पाकिस्तान में चुनाव से पहले दो बम धमाके से 25 लोगों की मौत

अमेरिका ताइवान को एक देश के रूप में औपचारिक रूप से मान्यता नहीं देता, लेकिन वह उसे रक्षा के साधन मुहैया कराने के अपने कानूनों से बंधा हुआ है। साई के कार्यकाल के दौरान ताइवान समलैंगिक विवाह को वैध बनाने वाला एशिया का पहला समाज बना। बहरहाल, उनके आलोचकों का कहना है कि उन्होंने निर्णय को उच्चतम न्यायालय और जनमत संग्रह पर छोड़कर राजनीतिक जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की।

# ईरान राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर का मलबा मिला...इब्राहिम रईसी,विदेश मंत्री होसैन समेत सवार 9 लोगों के जिंदा होने की उम्मीद खत्म

**तेहरान,20 मई 2024।** ईरान सरकार ने राष्ट्रपति और उनकी टीम की तलाश करने निकली रेस्क्यू टीम ने लापता हेलिकॉप्टर का मलबा खोज निकाला है। अलजजीरा के मुताबिक, रेड क्रिसेंट की रेस्क्यू टीम ने राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर का मलबा खोज निकाला है। इसमें सवार सभी लोगों के जिंदा होने की उम्मीद खत्म हो गई है। बता दें कि ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन समेत 9 लोगों को ले जा रहा हेलिकॉप्टर रविवार (19 मई) की शाम 7:30 बजे अजरबैजान की पहाड़ियों के पास क्रैश हो गया। इसमें 9 लोग सवार थे। इनमें से भी किसी से भी संपर्क नहीं हो पाया है।



इससे पहले तुर्की के सर्चिंग ड्रोन UA ने अजरबैजान की पहाड़ियों पर एक जलती जगह का पता लगाया था। इसके बाद वहां सर्चिंग टीम भेजी गई। हादसा स्थल पर घना जंगल और पहाड़ी है। ईरान सरकार ने राष्ट्रपति और उनकी टीम की तलाश के लिए 60 से अधिक टीमें बनाई हैं। हादसे के बाद से सर्च ऑपरेशन जारी है। रूस समेत कई देश मदद कर रहे हैं। घने कोहरे, बारिश और खराब मौसम के कारण सर्च ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। रेस्क्यू टीम के तीन सदस्य भी लापता हो गए हैं।राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की सलामती के लिए ईरान की मस्जिदों में दुआओं का दौर जारी है। हादसा उस वक्त हुआ, जब राष्ट्रपति रईसी अजरबैजान से वापस ताब्रीज लौट रहे थे। लेकिन अजरबैजान के बॉर्डर के करीब ईरान के वरजेघन शहर में उनका हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया।

### पीएम मोदी ने भी जताई चिंता

पीएम नरेंद्र मोदी ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि ईरान के राष्ट्रपति रईसी के हेलिकॉप्टर क्रैश की खबर से चिंतित हूं। मैं उनके स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम मुश्किल घड़ी में ईरान के साथ हैं। इराक,कुवैत, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, रूस, तुर्की और यूरोपीय संघ सहित पड़ोसी देशों और संगठनों ने समर्थन का वादा किया है।

### खामेनेई ने देर रात इमरजेंसी मीटिंग बुलाई

IRNA की रिपोर्ट के मुताबिक,ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने देर रात इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। इसमें रेस्क्यू टीम के साथ ही ताजा हालात पर चर्चा हुई। ईरानी सरकार ने रिवोल्यूशनरी गार्ड यानी सेना को अलर्ट पर रखा है। उन्होंने लोगों से शांति की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि सर्वशक्तिमान ईश्वर हमारे प्रिय राष्ट्पति और उनके साथियों को पूर्ण स्वास्थ्य के साथ देश की गोद में वापस लाएंगे।




# मधुमक्खी की उपयोगिता की दी गई जानकारी

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 20 मई 2024 (घटती-घटना)।** राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र अम्बिकापुर के मधुमक्खी वाटिका में विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता. डॉ. एसके सिन्हा (अधिष्ठाता) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के 95 छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही एमएससी (कृषि) के छात्रों की उपस्थिति रही। अधिष्ठाता डॉ. एसके सिन्हा ने मधुमक्खी की उपयोगिता, शहद प्राप्ति के अलावा परागण पर विशेष ध्यान देने की बात बताई गई। इस दौरान पूर्व अधिष्ठाता. डॉ. व्हीके सिंह ने मधुमक्खी के बचाव हेतु किस प्रकार से पूरे वर्ष भर पुष्प तालिका की व्यवस्था की जाय ताकि वर्ष भर मधुमक्खी को भोजन मिल सके। कार्यक्रम में संस्था के मुख्य अन्वेषक डॉ. पीके भगत द्वारा मधुमक्खियों की बचाओ उसके बढ़ावा पर उपस्थित छात्र, छात्राओं को व्याख्यान देते हुए उपयोगी उपकरण,कीट की पहचान, जातियों की पहचान के बारे में बताया गया। अंत में डॉ. केएल पैकरा दारा मधुमक्खियों में लगने वाले हानिकारक कीटों के बारे में बताया गया।



# पूर्व जनपद सदस्य के बेटे का तालाब में तैरता मिला शव, पुलिस जता रही हत्या की आशंका

- संवाददाता -
**राजपुर, 20 मई 2024 (घटती-घटना)।** राजपुर राजपुर के ग्राम पंचायत लडुवा पंचायत भवन के समीप तालाब में संदिग्ध अवस्था में तैरता मिला युवक का शव। आपको बतादें कि आज सुबह लगभग 8 बजे स्थानीय लोगों ने राजपुर पुलिस को सुचना दिया कि पंचायत भवन के पास तालाब में औंधे मुंह पड़ा हुआ नग्नावस्था में शव तैर रहा है कि जानकारी पर तत्काल राजपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकाल कर शव का पहचान कराई,शव पूर्व जनपद सदस्य पुरषोत्तम एक्का का 24 वर्षीय पुत्र प्रदिप एक्का के रुप में पहचान किया गया। राजपुर पुलिस ने शव पंचनामा करते हुए शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के सुपुर्द कर दी है।

### युवक का तैरता हुआ मिला शव

तालाब में महज दो से तीन पानी होने और शव के शरीर पर एक भी कपड़ा नही होने से पुलिस प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जता रही है लेकिन पुलिस भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है फिलहाल विवेचना जारी है।

# पहाड़ी कोरवा महिला के पेट से निकाला 12.5 किलो का ओवेरियन ट्यूमर

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,20 मई 2024 (घटती-घटना)।**

पहाड़ी कोरवा महिला के पेट से 12.5 किलो का ओवेरियन ट्यूमर निकला है। चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर महिला की जान बचाई है। महिला का ऑपरेशन दो घंटे से ऊपर समय तक चला। महिला पहाड़ी कोरवा के साथ-साथ इसका कोई परिजन भी नहीं थे। सारा इलाज मेडिकल कॉलेज की ओर से निश्शुल्क किया गया है। महिला पिछले एक वर्ष से पेट की सूजन से परेशान थी।

मरीज भोगनी पहाडी कोरवा उम्र 56 वर्ष पति मोहरा कोरवा बलरामपुर जिले के शकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम तरहाडीह की रहने वाली है। इसके पेट में पिछले एक वर्ष से सूजन था। पेट में गोला होने की संभावना से वह काफी परेशान थी। असहनिय दर्द से काफी बेचैन रहती थी। कुछ दिन पूर्व वह इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची थी। यहां गायनो डॉक्टर द्वारा इलाज किया गया। चिकित्सकों ने इसकी बीमारी को पता लगाने के लिए सीटी स्कैन कराया। सीटी स्कैन में ओवेरियन कैंसर की पुष्टी हुई। गायनो व निश्चेतना विभाग से कुल 8 चिकित्सकों के टीम ने 15 मई को महिला का सफल ऑपरेशन कर उसके पेट से 12.5 किलो का ओवेरियन ट्यूमर निकाला गया। डॉक्टरों ने बताया कि महिला के ऑपरेशन में लगभग 2 घंटे से अधिक समय लगा। यह काफी जटिल ऑपरेशन था। ट्यूमर काफी बड़ा हो चुका था। महिला को चलने फिरने में भी काफी परेशानी थी। ऑपरेशन के बाद महिला को विशेष निगरानी में आईसीयू में रखा गया था। अब महिला की स्थिति काफी अच्छी है। वह खबरे से बाहर है। महिला का ऑपरेशन गायनिक डॉ. अविनाशी कुजूर की निगरानी में हुई। इस दौरान टीम में अविनाशी कुजूर के साथ-साथ डॉ. साथी मंडल, डॉ. इशा,सिस्टर रोफाली,निश्चेतना से डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. दिव्यानंद,डॉ. बंसल,डॉ. गुलाब शामिल रहे। चिकित्सकों ने बताया कि महिला पहाड़ी कोरवा होने के साथ-साथ उसके साथ कोई परिजन भी नहीं थे। ऑपरेशन से पहले महिला की स्थिति काफी गंभीर थी। इसका सारा इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल द्वारा निःशुल्क किया गया है। अगर यह ऑपरेशन बाहर में कराया जाता तो एक लाख से ऊपर के खर्च आते।



# नवीन क़ानून संहिता संबंधी प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन,जिले के समस्त विवेचको कों नवीन क़ानून संहिता के पालन हेतु किया जा रहा प्रशिक्षित

» जनता कों त्वरित न्याय दिलाने मे पुलिस की सहभागिता एवं पारदर्शी न्याय व्यवस्था हेतु उक्त नवीन क़ानून लेंगे पुराने कानूनों की जगह...

» कार्यशाला मे भारतीय न्याय संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारीकियों की दी गई जानकारी...

» 1 जुलाई 2024 से नवीन क़ानून होंगी जिले मे प्रभावी, विवेचको कों उक्त क़ानून के सम्बन्ध मे लगातार प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर किया जा रहा प्रशिक्षित...

» कार्यशाला मे नवीन क़ानून संहिता के अनुसार पुलिस के दायित्वो, तय समय सीमा मे अपराधों का निराकरण सहित विभिन्न धाराओं का दिया जा रहा प्रशिक्षण...

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,20 मई 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत आज दिनांक कों पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभाकक्ष मे नवीन क़ानून संहिता के सम्बन्ध मे प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर जिले के थाना/चौकी प्रभारियों सहित विवेचको कों नवीन क़ानून संहिता की बारीकियो से परिचय कराया गया, कार्यशाला का आयोजन का उद्देश्य विवेचको मे नवीन क़ानून संहिता की सभी धाराओं का प्रभावी ज्ञान सहित आमजनता कों उक्त क़ानून संहिता से त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना हैं,नवीन क़ानून संहिता मे पुलिस के दायित्यो कों बढ़ाया गया हैं, उक्त नवीन क़ानून संहिता दिनांक 01 जुलाई 2024 से पूरे देश मे प्रभावी हो जायगी, नवीन क़ानून संहिता आमनागरिकों कों पारदर्शी एवं त्वरित न्याय व्यवस्था प्रदान करने के साथ ही आपराधिक व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही कर पिड़ित कों न्याय दिलाने के उद्देश्य से देश मे प्रचलित पुराने कानूनों की जगह तीन नये क़ानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देश भर मे लागू किया जाना प्रस्तावित हैं,



पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने नये क़ानून के सम्बन्ध मे बताते हुए कहा कि भारत में लागू फौजदारी कानून भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारत सरकार द्वारा एक नया कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 पारित किया गया है।

भारतीय न्याय संहिता 2023 में कुल 20 अध्याय एवं 358 धाराये है, जबकि इसके पूर्व भा.द.वि. 1860 में कुल 23 अध्याय एवं 511 धाराये थी, नये क़ानून मे विवेचको की जिम्मेदारिया तय की गई हैं, तय समय मे अपराधों का निराकरण सहित आमजनों कों त्वरित न्याय उपलब्ध कराना नये क़ानून का प्रमुख उद्देश्य हैं।

### भारतीय न्याय संहिता 2023 की मुख्य विशेषतायें

भारतीय न्याय संहिता 2023 के द्वारा राजद्रोह को निरसित कर दिया गया है, बालक (चाईल्ड) को परिभाषित किया गया है, उभयलिंगी (Transgender) का प्रावधान किया गया है, मॉबलिंचिंग के अपराध को दण्डनीय बनाया गया है, आतंकवादी कृत्य को परिभाषित एवं दण्डित बनाया गया है, हिट एण्ड रन केस के प्रावधान में बदलाव किया गया है, उपेक्षा द्वारा मृत्यु वाले मामलो में चिकित्सकों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है, झपटमारी (स्नेचिंग) को परिभाषित एवं दण्डित बनाया गया है,

भारत में होने वाले अपराधों के लिए भारत से बाहर किये गये दुष्प्रेरण को दण्डनीय बनाया गया है, दस्तावेज की परिभाषा में इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल रिकार्ड को शामिल किया गया हैं, महिला और बालक के विरूद्ध अपराधों से सम्बन्धित एक नया अध्याय जोड़ा गया है प्रवंचनापूर्ण साधनो या विवाह का वचन देकर उसे पूरा किये बिना मैथुन किये जाने का अपराध जो बलात्संग की श्रेणी में न आता हो, को दण्डनीय बनाया गया है, दण्ड के रूप में सामुदायिक सेवा का भी प्रावधान किया गया है, जारकर्म (Adultery) के अपराध को समाप्त कर दिया गया है, चोरी की विषय वस्तु अब मूर्त एवं अमूर्त दोनो प्रकार की चल सम्पत्तियों हो सकती है, मत व्यक्ति द्वारा लोक स्थान में अवचार के लिए भा.द.वि.धारा 510 के तहत जो न्यूनतम जुर्माने की सजा 10 रू0 थी उसे बी.एन.एस. की धारा 355 के तहत बढ़ाकर 1000/- रू0 कर दिया गया है।

कार्यशाला के दौरान समस्त थाना/चौकी प्रभारी सहित विभिन्न थाना चौकियो मे पदस्थ विवेचक उपस्थित रहे।

# बूथ जीतो...चुनाव जीतो का मूलमंत्र देकर रेणुका सिंह कर रही झारखंड में प्रचार

## गोड्डा लोकसभा प्रभारी के तौर पर विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह कर रही काम...








-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,20 मई 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद भरतपुर सोनहत विधानसभा से भाजपा विधायक पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह भाजपा के लिए पड़ोसी राज्य झारखंड में भाजपा का चुनाव प्रचार प्रसार कर रही है। रेणुका सिंह यहां गोड्डा लोकसभा प्रभारी के तौर पर बीते 11 मई से मोर्चा संभाले हुई है। गोड्डा लोकसभा में 1 जून को आखिरी चरण में मतदान होना है। रेणुका सिंह यहां स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही छत्तीसगढ़ से गए हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 30 मई तक चुनाव प्रचार करेंगी। लोकसभा प्रभारी के तौर पर रेणुका सिंह यहां बूथ प्रबंधन से लेकर जनसम्पर्क के अलावा प्रचार प्रसार व डोर टू डोर कैम्पेनिंग का भी जिम्मा संभाल रही है। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने यहां वर्तमान सांसद डाक्टर निशिकांत दुबे को चुनावी समर में उतारा है। डाक्टर दुबे यहां से भाजपा प्रत्याशी है। इन्ही के पक्ष में रेणुका सिंह यहां प्रचार कर रही है। गौरतलब है कि रेणुका सिंह मोदी सरकार में जनजातीय मामलों की केंद्रीय राज्यमंत्री रही है। यहां विधायक रेणुका सिंह मोदी सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के लिए किए गए कार्यो की जानकारी लोगो को दे रही है वही मोदी सरकार द्वारा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दे रही है। विधायक रेणुका सिंह पूरे लोकसभा क्षेत्र में बैठक लेकर बूथ जीतो, चुनाव जीतो का मूलमंत्र भी दे रही है। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा सीटे आती है। जिनमे देवघर, मधुपुर, जरमुंडी, पोड़ैयाहाट,महागामा और गोड्डा विधानसभा शामिल है।

### बाबा बैद्यनाथ व  से क्षेत्र की खुशहाली की कामना...

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व विधायक रेणुका सिंह ने गोड्डा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध बैद्यनाथ धाम देवघर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। वही अबकी बार 400 पार का नारा पूरा करने के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना की। इसके अलावा रेणुका सिंह ने बासुकीनाथ मंदिर में भी पूजा अर्चना की। बासुकीनाथ मन्दिर का इतिहास सागर मंथन से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि सागर मंथन के दौरान पर्वत को मथने के लिए वासुकी नाग को माध्यम बनाया गया था। इन्हीं वासुकी नाग ने इस स्थान पर भगवान शिव की पूजा अर्चना की थी। यही कारण है कि यहां विराजमान भगवान शिव को ल बासुकीनाथ कहा जाता है, बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के बाद बासुकीनाथ के दर्शन से पूजा पूर्ण मानी जाती है।

# बाल विवाह करने-कराने वाले व्यक्ति पर होगी कानूनी कार्रवाई

-संवाददाता-
सूरजपुर,20 मई 2024
(घटती-घटना)।



भारत में बाल विवाह की प्रथा प्राचीन काल से ही रही है जहाँ छोटे बच्चों और किशोरों की शादी उनकी शारीरिक और मानसिक परिपक्वता से बहुत पहले कर दी जाती है। ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से कुछ माता-पिता बाल विवाह के लिए सहमति देते हैं और कुछ कारण आर्थिक आवश्यकता,अपनी बेटियों के लिए पुरुष सुरक्षा,बच्चे पैदा करना, या दमनकारी पारंपरिक मूल्य और मानदंड हो सकते हैं। बाल विवाह को 18 वर्ष की आयु से पहले  लड़की या 21 वर्ष से पहले लड़के की शादी के रूप में परिभाषित किया गया है और यह औपचारिक विवाह और अनौपचारिक संघ दोनों को संदर्भित करता है।

भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत - एक बच्चे को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है, जो यदि पुरुष है, तो 21 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है,और यदि महिला है, तो 18 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है, यह अधिनियम यह भी घोषित करता है कि कानूनी आयु सीमा से कम उम्र के बच्चों के बीच किया गया कोई भी विवाह अमान्य है। यह अधिनियम नाबालिगों के बीच बाल विवाह की अनुमति देने या आयोजित करने या वयस्कों के साथ नाबालिगों की शादी करने के लिए विभिन्न अपराधों के लिए दंड का भी प्रावधान करता है। इसके बावजूद, बाल विवाह अभी भी पूरे देश में व्यापक रूप से फैला हुआ है। जिन राज्यों में बाल विवाह सबसे अधिक प्रचलित है, उनमें जनसंख्या भी अधिक है। भारत में बाल विवाह का जनसंख्या नियंत्रण पर गंभीर प्रभाव पड़ता है क्योंकि किशोरी दुल्हनों में उच्च प्रजनन क्षमता और कई अवांछित गर्भधारण की संभावना होती है।

# मनेन्द्रगढ़ में वार्डवार क्रिकेट का महासमर आज से





-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,20 मई 2024
(घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़ प्रेसीडेंट क्लब द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित वार्ड स्तरीय मनेंद्रगढ़ कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 मई मंगलवार को अतिथियों और शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में होगा, जिसमें शहर के 22 वार्डों की टीम मिनी स्टेडियम की दूधिया रोशनी में 12 दिनों तक खिताब के लिए जोर-आजमाईश करेंगी। प्रेसिडेंट क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता आशीष सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच 1 जून को रंगारंग समारोह के बीच खेला जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वार्डवार क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2011 से कराई जा रही है जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शक मैदान में उमड़ते हैं और अब इस प्रतियोगिता ने एक उत्सव का रूप ले लिया है। आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के बीच खेल प्रतिभाओं को अपना जौहर दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। बीते दिनों स्कूल ग्राउंड में टूर्नामेंट का फिक्चर रिलीज किया गया।

रोजाना होंगे 2 मैच- मिनी स्टेडियम में 21 मई से आरंभ होने वाले टूर्नामेंट में रोजाना 2 मैच खेले जाएंगे। पहले दिन केवल एक मैच खेला जाएगा जिसमें मालवीय वार्ड क्र. 06 और शास्त्री वार्ड क्र. 15 की टीम आमने-सामने होगी। प्रतियोगिता का दोनों सेमीफाइनल मैच आगामी 31 मई को खेला जाएगा जबकि फाइनल मैच 1 जून शनिवार को रंगारंग समारोह के बीच खेला जाएगा।

### वाड्रफनगर ब्लॉक के इस गांव में तीस साल से ज्यादा समय से होता है उर्स का आयोजन

# शारदापुर में तीन दिवसीय उर्स का समापन,बारहवीं बोर्ड में टॉप टेन में शामिल छात्रों का हुआ सम्मान





-संवाददाता-
प्रतापपुर,20 मई 2024
(घटती-घटना)।

वाड्रफनगर विकासखंड के ग्राम पंचायत शारदापुर ई  में सूफी संत हजरत बाबा मुनव्वर शाह के मजार पाक में आयोजित सालाना तीन दिवसीय उर्स का भव्य समापन हुआ।इसके अंतिम दिन बारहवीं बोर्ड में पूरे प्रदेश में सातवां और नवमां स्थान पाने वाले बलरामपुर जिले के दो छात्रों का सम्मान किया गया।

उर्स के पहले दिन संदल चादर के साथ ग्राम वासियों ने गांव का भ्रमण करते हुए मजार शरीफ में पहुंचकर चादर चढ़ाई। मजार के मुजावर ने दुआ खैर की कि क्षेत्र सहित पूरे देश में आपसी सौहाद्र और शांति भाईचारा बना रहे।देर रात बाहर से आए उलमाओं ने तकरीर प्रस्तुत की।दूसरे दिन असलम शाबीर झारखंड और नगमा परवीन गया बिहार के बीच शानदार मुकाबला कव्वाली की शुरुआत हुई।अंतिम दिन रविवार को देर रात तक कव्वाली का आयोजन हुआ।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रवक्ता जिशान उपस्थित थे जिन्होंने सबसे पहले कव्वालों का सम्मान किया और अन्य अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट किए।इस दौरान उन्होंने कहा कि शारदापुर में वर्षो से बाबा के मजार में मनाया जाने वाला उर्स गंगा-जमुनी तहजीब की बेजोड़ मिशाल है। प्रतिवर्ष सभी समुदाय के लोग पूरी आस्था के साथ बाबा के मजार में आते हैं। उन्होंने कहा कि सरगुजा की परंपरा रही है कि यहां सभी समुदाय के लोग मिल-जुलकर हर त्यौहार मनाते आ रहे हैं और मनाते रहेंगे।  उन्होंने कहा कि आज के दौर में सबसे बड़ी चीज है शिक्षा शिक्षा प्राप्त करना हर व्यक्ति का अधिकार है शिक्षित व्यक्ति ही हर जगह कामयाब होता है।इस दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतापपुर जगत लाल आयाम ने कहा कि मैं उर्स कमेटी और सभी कमेटी के मेंबरों को बहुत धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस आयोजन में मुझे अतिथि के रुप में बुलाया। ग्राम शारदापुर ई में होने वाला सालाना उर्स एकता और भाईचारा की मिसाल है, इस भाईचारे को हमें हमेशा कायम रखना है। बारहवीं बोर्ड परीक्षा में पूरे प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले ऋषभ कनौजिया और नवमां स्थान लाने वाले साहिल खान का सम्मान किया गया,दोनों ही बलरामपुर जिले के बरतीकला स्कूल के छात्र हैं।थाना प्रभारी चलगली बृजलाल भारद्वाज,विशेष सहयोग के लिए इंद्रमणि पांडे,सरपंच श्यामपति, मुश्ताक, सहनवाज खान,कलाम रंगसाज का सम्मान भी किया गया।इस दौरान शिवभजन मरावी,अनिल कुशवाहा,आशीष मिश्रा,महबूब,शाबीर, कमेटी के अध्यक्ष कलीम खान,मो मुस्ताक, मुश्ताक हासमी सदर, खुर्शीद आलम, सबर अली, मो यूसुफ, अब्दुल जब्बार रंगसाज, वाहिद आलम,कामरान खान प्रतापपुर, मोइन खान,सुहैल खान, सरवारे आलम, मो शाबीर हुसैन, अब्दुल सतार, रफीक खान, चांद मो,सद्दाम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### कव्वालों ने देशभक्ति और धार्मिक गीतों से बांधा शमा....

उर्स के दौरान आए कव्वाल शरीफ परवाज कानपुर,रौनक परवीन कानपुर ने अपने गीतों से जबरदस्त शमा बांधा,इसमें शामिल लोग गीत और कव्वालियों को बिना उठे सुनते दिखे।धार्मिक गीतों के साथ उनके द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों को लोगों ने जमकर सराहा।वहीं कव्वालों ने कहा कि इस छोटे से गांव में इतना बड़ा आयोजन सरहनीय है और उन्हें जब भी बुलाया जाएगा वे यहां जरूर आयेंगे।

# जीएसटी की स्रोत पर टीडीएस के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित

## निष्क्रिय जीएसटी नंबर होने पर अब भुगतान संभव नहीं,कटौती के प्रावधानों का कड़ाई से पालन किया जाए सुनिश्चित



-संवाददाता-
बलरामपुर,20 मई 2024
(घटती-घटना)।

संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर के द्वारा जीएसटी की स्रोत पर कटौती(टीडीएस) के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले से जिला कोषालय अधिकारी श्री संतोष सिंह एवं शिक्षा,आदिवासी विकास, महिला बाल विकास,पुलिस,स्वास्थ्य,कृषि, जिला पंचायत,उद्यानिकी,पशु स्वास्थ्य सेवाएं के अधिकारी/कर्मचारी वर्चुअल रूप से जुड़े रहे।

आयोजित प्रशिक्षण में जीएसटी के अधिकारियों के द्वारा अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराते हुए वेंडर के भुगतान संबंधित देयकों में जीएसटीआईएन नंबर की सक्रियता एवं वैधता की जांच करने के पश्चात् ही भुगतान करने हेतु कहा गया है। पूर्व में वेण्डरों के द्वारा बिल व्हाउचर्स में गलत जीएसटी नंबर अंकित कर शासकीय भुगतान प्राप्त किया जाता था, परंतु अब ऐसा संभव नहीं हो सकेगा। वित्त विभाग द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी कर कहा गया है कि शासकीय विभाग या स्थापना, स्थानीय प्राधिकारी, शासकीय अभिकरण, शासन के किसी भी डीडीओ द्वारा (किसी कराधेय वस्तु या सेवा हेतु) रूपये 2.50 लाख से अधिक भुगतान होने पर, 2 प्रतिशत (1 प्रतिशत सीजीएसटी 1 प्रतिशत एसजीएसटी अथवा 2 प्रतिशत आईजीएसटी) की दर से स्रोत पर कटौती किया जाना है।



प्रशिक्षण में बताया गया कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सभी शासकीय विभागों तथा स्थानीय प्राधिकारियों को जीएसटी, के अंतर्गत स्रोत पर कटौती कर्ता के रूप में रजिस्ट्रेशन लिया जाना है। विभागों द्वारा खरीदी जाने वाली सामग्री, मशीन-उपकरण, फर्नीचर, स्टेशनरी अथवा अन्य कोई भी वस्तुएं, निर्माण कार्यों एवं ठेकों तथा लिये जाने वाली किसी भी प्रकार की सेवाओं की राशि पर जीएसटी-टीडीएस करने के पश्चात्वर्ती माह की 10 तारीख तक रिटर्न जीएसटीआर-7 में प्रस्तुत किया जाना है।

कई विभागों, कार्यालयों द्वारा जीएसटी टीडीएस डिडक्टर के रूप में उक्त प्रावधानों के अंतर्गत जीएसटी पंजीयन नहीं लिया गया है तथा पंजीयन लेने वाले प्राधिकारियों द्वारा सही प्रकार से जीएसटी की स्रोत पर कटौती संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे राज्य शासन को जीएसटी से प्राप्त होने वाले राजस्व की क्षति हो रही है। इस संबंध में विभागों को निर्देशित किया गया है कि समस्त भुगतानकर्ता प्राधिकारियों, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा केंद्रीय एवं छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम,2017 के अंतर्गत स्रोत पर कटौती के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी वस्तु अथवा सेवा प्रदायकर्ता द्वारा एक वित्तीय वर्ष के दौरान एक ही क्रय/सेवा आदेश के विरूद्ध पृथक-पृथक देयकों में राशि का विभाजन करते हुए जीएसटी की स्रोत पर कटौती हेतु निर्धारित 2.5 लाख की सीमा का उल्लंघन न हो। इसके साथ ही समस्त कोषालयों, उप कोषालयों, निर्माण विभागों,वन विभाग के भुगतान प्राधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी प्रस्तुत देयकों में प्रदायकर्ताओं की जीएसटीआईएन को चिन्हांकित करने की व्यवस्था की जाए तथा देयकों के भुगतान के पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रदायकर्ता द्वारा दिया गया जीएसटीआईएन वर्तमान में सक्रिय/वैध हो।

# कलेक्टर विलास भोस्कर ने जिले में आरटीई अंतर्गत आने वाले समस्त विद्यालयों के प्राचार्यों तथा प्रबन्धकों की ली बैठक

## नियमों का पालन करने दिया कड़ा निर्देश,15 दिवस के भीतर विगत वर्षों में प्रवेशित बच्चों, शालात्यागी बच्चों की संख्या सहित अन्य जानकारी वर्षवार एवं कक्षावार उपलब्ध कराने दिए निर्देश





**-संवाददाता-**
**अम्बिकापुर,20 मई 2024**
**(घटती-घटना)।**
जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर श्री विलास भोस्कर ने जिले के समस्त राइट टु एजुकेशन अंतर्गत आने वाले निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं संचालकों की बैठक ली। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वर्तमान में आरटीई अंतर्गत कुल 205 विद्यालय हैं,वर्ष 2024-25 में प्रवेश हेतु भर्ती की प्रक्रिया जारी है।

कलेक्टर भोस्कर ने सभी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रबन्धकों से कहा कि आरटीई के नियमों का पालन करना सुनिश्चित करें, सभी विद्यालय विगत वर्षों में प्रवेशित बच्चों, शालात्यागी बच्चों की संख्या सहित अन्य जानकारी वर्षवार एवं कक्षावार 15 दिवस के भीतर उपलब्ध कराएं। उन्होंने विगत सत्र में आरटीई अंतर्गत प्रवेशित बच्चों की संख्या की जानकारी ली,ड्रॉपआउट बच्चों की जानकारी लेते हुए कहा कि शाला त्यागने का कारण पता करें,प्रयास करें कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे, इस हेतु अभिभावकों से मिलें, उन्हें शिक्षा के महत्व को बताएं। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्ति आगे बढ़ता है और समाज में अपनी पहचान बनाता है। जिले में ऐसे कई प्रतिभावान बच्चे हैं, जो कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते हैं। ऐसे में आप सभी का दायित्व उन्हें रास्ता दिखाने का है, अपने कर्तत्व का निर्वहन करें। बैठक में कलेक्टर श्री भोसकर में कहा कि सरगुजा जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है, ऐसे में विशेष पिछड़ी जनजाति के बच्चों को अवश्य प्रवेश दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों के निरीक्षण एवं प्रत्येक तिमाही में समीक्षा बैठक आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया।

## प्रतिभावान अनुसूचित जनजाति के बच्चों का संवरेगा भविष्य

जिले के अनुसूचित जनजाति के प्रतिभावान बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की कलेक्टर श्री विलास भोस्कर की सोच का अब धरातल पर क्रियान्वयन होगा। कलेक्टर श्री भोस्कर कि पहल पर जिले के चार निजी विद्यालयों ने ऐसे बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की सहमति दी, जो कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण आगे नहीं बढ़ पाते। कलेक्टर श्री भोस्कर ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक सिन्हा के साथ इन निजी विद्यालयों के प्रबंधकों से मिलकर अपने सुझाव रखे थे,सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए अध्यापन कराने की सहमति उत्साहपूर्वक दी,साथ ही प्रवेशित विद्यार्थियों को गणवेश,पुस्तक एवं अन्य भी सामग्रियां निःशुल्क उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। कलेक्टर श्री भोस्कर ने सभी विद्यालय प्रबन्धकों एवं प्राचार्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कहा आप सभी के सहयोग से प्रतिभावान बच्चों का भविष्य संवरेगा। बैठक में ओरिएंण्टल पब्लिक स्कूल के फाउण्डर प्राचार्य डॉ.आई.ए खान सूरी, कार्मेल स्कूल प्रबंधक सि. सौम्या,मोन्ट फोर्ट स्कूल के प्रभारी प्राचार्य ब्रदर जॉनसन,होली क्रास स्कूल के प्रभारी प्राचार्य सुनिल तिवारी द्वारा सहमति दी गई। जिसके अनुसार वर्तमान शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा पहली से आठवीं तक प्रत्येक कक्षा में दो-दो अनुसूचित जनजाति के प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा,जिसमें विशेष पिछड़ी जनजाति के बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी। चारों विद्यालयों में कुल 64 विद्यार्थियों की निःशुल्क शिक्षा इन विद्यालयों में होगी।

# बालको ने कंट्रोल टावर से सस्टेनेबल ऐश मैनेजमेंट को दिया बढ़ावा

**-संवाददाता-**
**कोरबा,20 मई 2024**
**(घटती-घटना)।**
वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने फ्लाई ऐश प्रबंधन नेटवर्क में बदलाव लाने के उद्देश्य से डिजिटल समाधान ऐश कंट्रोल टॉवर की शुरूआत की है। रियल टाईम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आधारित निगरानी वाली यह उच्च-स्तरीय तकनीक सस्टेनेबल ऐश मैनेजमेंट को मजबूती प्रदान कर प्रचालन के आसपास सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। फ्लाई ऐश थर्मल पावर उत्पादन का एक उप-उत्पाद है जिसका उपयोग ईंट निर्माण,सड़क निर्माण,इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। विभिन्न उद्योगों को फ्लाई ऐश की आपूर्ति कंपनी के सर्कुलर इकोनॉमी एजेंडे का एक हिस्सा है। कंपनी ने अपनी प्रतिबद्धता के



अनुरूप विभिन्न उद्योगों के साथ साझेदारी करके फ्लाई ऐश के सस्टेनेबल यूटिलाइजेशन को सुनिश्चित किया जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी और ऊर्जा एवं जल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको ने इन क्षेत्रों को 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश की आपूर्ति की है। इस पहल से 141त्न राखड़ का उपयोग हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। ऐश कंट्रोल टावर (एसीटी) राख प्रबंधन दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने और राख के परिवहन को सुव्यवस्थित करने के लिए रियल टाइम की निगरानी प्रदान करता है। यह तकनीक सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने वाले वाहनों को अबाधित आवाजाही के लिए एक मजबूत नेटवर्क की सुविधा प्रदान करती है। कैमरों के साथ पूरक जियो फेंसिंग प्रणाली एंड-टू-एंड संचार को सक्षम बनाती है जो रियल टाईम एआई-आधारित वीडियो टेलीमैटिक्स को शक्ति प्रदान करती है। वीडियो टेलीमैटिक्स ड्राइवर के व्यवहार में दृश्यता प्रदान करने के लिए सेंसर का उपयोग करता है और इसे ड्राइवर सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में उपयोग किया जाता है।
24×7 निगरानी प्रणाली एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) से सुसज्जित है,जो वाहन के चारों ओर ब्लाइंड स्पॉट का पता लगाकर और अलर्ट जारी कर सुरक्षा में सुधार करती है। यह तकनीक वाहनों की गति और स्थिति पर मैन्युअल जांच की आवश्यकता को कम करता है। इसके अलावा एसीटी द्वारा प्रस्तुत व्यापक विश्लेषणात्मक अवलोकन संभावित जोखिम क्षेत्रों का विश्लेषण करने में मदद करता है, जिससे गश्त करने वाल दल की तैयारी क्षमताओं को बढ़ावा देते हुए निर्णय लेने में मदद प्रदान करती है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी ने प्रचालन उत्कृष्टता और सस्टेनेबल एल्यूमिनियम उत्पादन के हमारे दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सक्रिय रूप से तकनीक और डिजिटल समाधान अपनाए हैं। विभिन्न प्रचालन क्षेत्रों में हमारे डिजिटल पहल ने सुरक्षा संस्कृति को बढ़ाते हुए कार्यों में एफिसिएंसी लाने में महत्वपूर्ण रहे हैं।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाला आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**-संवाददाता-**
**कोरबा,20 मई 2024**
**(घटती-घटना)।**
जिले के चौकी कोरबी थाना पसान अंतर्गत दिनांक 25.04.2024 के 14ः00 बजे पीडिता चौकी उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश किया के ग्राम पाली कसेरपारा निवासी रामनारायण सिंह से जान पहचान होने पर विगत 03 वर्षो से रामनारायण द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया जा रहा एवं वर्तमान में किसी अन्य लडकी से शादी करने की जानकारी मिलने पर पीडिता उससे दूरी बनाने लगी है । दिनांक 16.04.2024 को पाली कसेरपारा नवरात्र के समय जवांरा पूजा कार्यक्रम में अपनी नानी के घर गई थी कि रात्रि करीबन 08:00 बजे आरोपी रामनारायण ने उक्त लड़की को फोन कर बाहर बुलाया और दो थप्पड़ मारा और खींचते हुए करीब 300 मीटर दूर सुनसान खेत में ले जाकर जान से मारने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाया और जीवन भर साथ रखूंगा की बात कही । दिनांक 18.04.2024 रामनारायण सिंह शादी में जाने के लिए निकला और वापस नही आया । तब आरोपी के पिता हरिनाम ने खोजकर दिनांक 21.04.2024 को घर लाया । घर आने पर रामनारायण उक्त लड़की को रखने से इंकार कर घर से निकाल दिया एवं स्वयं घटना पश्चात् सकुनत से फरार था, जो आज पुलिस ने दिनांक 20.05.2024 को मुखबीर की सूचना पर आरोपी को उसके निवास से पकड़ा एवं पूछताछ की गई, जो अपराध सदर घटित करना स्वीकार किया। आरोपी रामनारायण पिता हरिनाम सिंह उम्र 24 वर्ष साकिन पाली कसेर पारा चौकी कोरबी थाना पसान जिला कोरबा छ.ग. को अप. क्रमांक - 57/2024 धारा-376(2-द),323,506 भादवि के तहत दिनांक 20.05.2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

## जिले में जेईई एवं नीट की निशुल्क कोचिंग सुविधा

**-संवाददाता-**
**सूरजपुर,20 मई 2024 (घटती-घटना)।**
जिले में जेईई एवं नीट की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए निशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। जिसके लिए प्रवेश पंजीयन प्रारंभ 18 मई से 30 मई तक होना है। प्रवेश परीक्षा तिथि 08 जून एवं परिणाम की घोषणा 12 जून को किया जाएगा। यह सुविधा सक्षम सूरजपुर निशुल्क कोचिंग जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा प्री मेडिकल टेस्ट (नीट) और प्री इंजीनियरिंग (आईआईटी, जेईई मेन्स, एडवांस ) की कोचिंग दी जाएगी। यह कोचिंग सुविधा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवापारा सूरजपुर में दी जाएगी। 20 मई तक कुल 18 छात्रों ने पंजीयन करवा लिया है। फॉर्म से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट surajpur.nic.in पर देख सकते है।

## चलती गाड़ी में अचानक आग लगने से बाल-बाल बचा चालक

**-संवाददाता-**
**कोरबा,20 मई 2024**
**(घटती-घटना)।**
कोरबा जिले में चलती गाड़ियों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है, इन घटनाओं का सुखद पहलू यह रहा है कि अभी तक किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है और समय रहते गाड़ियों में लगी आग पर काबू पाया जा रहा है । ऐसी ही एक घटना रूमगड़ा



चौक पर रविवार की देर शाम को देखने को मिला जिसमें चलती हुई कार में अचानक आग लग गई। आग देख कर चालक ने गाड़ी खड़ी करके अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में आग ने पूरी कार को अपनी आगोश में ले लिया। घटना की सूचना मिलने पर जब तक दमकल स्थल पर पहुंची, तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। आग किन कारणों से लगी, यह स्पष्ट नहीं हो सका। संभावना जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट की वजह से कार में लगी होगी आग। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी स्थल पर पहुंच गई।

# कटघोरा पुलिस ने मोटर सायकल चोर से किया 07 मोटर सायकल बरामद,भेजा गया जेल



**वाहन विवरण**

1. हीरो सीडी डीलक्स क्रमांक सीजी 12 एबी 8958, 2. हीरो एच. एफ. डीलक्स, काला रंग, बिना नम्बर, सीएच नंबर एमपीएलएचओ 144 एमजीए 08168, 3.हीरो एच. एफ. डीलक्स, सीजी 12 एएम 8406, 4. हीरो एच. एफ. डीलक्स, सीजी 12 एडब्ल्यू 5414, 5. होंडा शाइन , काला रंग, बिना नम्बर, 6. होण्डा लियो, सीजी 12 एएस 3291, 7. हीरो पैशन प्रो, काला रंग, बिना नम्बर,

**-संवाददाता-**
**कोरबा,20 मई 2024**
**(घटती-घटना)।**
कोरबा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा जिले में चोरी की घटना पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू बी एस चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमती नेहा वर्मा एवं एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर के द्वारा थाना प्रभारी कटघोरा धर्म नारायण तिवारी को निर्देशित करते हुए कटघोरा व आसपास के क्षेत्र में हुई मोटर सायकल की चोरी की पतासाजी व बरामदगी हेतु टीम गठित करते हुए सघन जांच की गई। जिसमें मुखबिर की सूचना पर कटघोरा पुलिस के द्वारा कटघोरा क्षेत्र से दिनांक 12/5/24 को चोरी हुए मोटर सायकल होण्डा लियो चलाते हुए व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो स्वयं को ग्राम कामता, थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा का निवासी आशीष मनहर होना बताया। जो बिलासपुर, कोरबा, कटघोरा क्षेत्र से मोटर सायकलों की चोरी कर 2 मोटर सायकल शिवरी नारायण अपने घर में तथा 4 मोटर सायकल अमलड़िहा के जंगल मे छुपा कर रखना तथा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करना बताया। आरोपी की निशानदेही पर कटघोरा पुलिस के द्वारा आरोपी के कब्जे से 4 हीरो डीलक्स,1 हीरो पैशन प्रो, 1 होंडा शाइन, 1 होंडा लियो कुल 7 मोटर सायकल बरामद कर आरोपी आशीष मनहर ग्राम कामता, थाना शिवरी नारायण जिला जांजगीर चांपा ( छ. ग. ) पर अप.क्र. 259/2024 धारा 454, 380 भादवि,अप. क्र. 260/2024 धारा 457, 380 भादवि के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया ।

**न्यायालय नजुल अधिकारी**
**अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा0प्र0क्र0..../अ-20(3)/23-24

**संशोधित ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नि नंदकुमार सोनी जाती सोनार निवासी - विश्रामपुर थाना-व तहसील विश्रामपुर जिला- सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला केदारपुर गुदरी रोड नगर अंबिकापुर शीट नं.-3 स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 1216/3 1217/3, 1223, 1224/3 रकबा क्रमशः $0.02^{1/2}$, $0.03^{1/4}$, 0.02, $0.02^{1/2}$ एकड भूमि में से रकबा 0.05 एकड़ भूमि को अनावेदिका आशा देवी पत्नी सुदामा प्रसाद सोनी जाति सोनार निवासी विश्रामपुर थाना व तहसील विश्रामपुर जिला-सूरजपुर छ0ग0 के पक्ष में दान किये जाने की प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं।
उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 31/05/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।[ नयत समय - सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 30/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

सील
नजूल अधिकारी
अंबिकापुर,

**न्यायालय नजुल अधिकारी**
**अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

**संशोधित ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202404021200/
अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मयंक कुमार मिश्रा आ0 संतोष मिश्रा, आयु-34 वर्ष, जाति ब्राम्हण, निवासी-भट्ठी रोड़ केदारपुर, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अनावेदकगण अब्दुल आकीब आ0 स्व0 अब्दुल हमीद एवं अन्य 02 के संयुक्त स्वामित्व एवं हक की शीट नं0-04 मोहल्ला-केदारपुर, नगर-अम्बिकापुर स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 1980/27 रकबा 0.10 एकड़ भूमि को आवेदक द्वारा अनावेदकगण से पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 09/04/2024 के माध्यम से क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 09/04/2024 के आधार पर क्रय की गई भूमि के अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने बावत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया हैं।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-अथवा आपत्ति हो, तो वे अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12/06/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
आज दिनांक 09/05/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
अंबिकापुर

**न्यायालय नजुल अधिकारी**
**अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

**संशोधित ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202404021200/
अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मयंक कुमार मिश्रा आ0 संतोष मिश्रा, आयु-34 वर्ष, जाति ब्राम्हण, निवासी-भट्ठी रोड़ केदारपुर, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अनावेदकगण अब्दुल जुनैद आ0 स्व0 अब्दुल रशीद एवं अन्य 06 के संयुक्त स्वामित्व एवं हक की शीट नं0- 04 मोहल्ला-केदारपुर, नगर-अम्बिकापुर स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 1980/28 रकबा 0.05 एकड़ भूमि को आवेदक द्वारा अनावेदकगण से पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 09/04/2024 के माध्यम से क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 09/04/2024 के आधार पर क्रय की गई भूमि के अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने बावत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया हैं।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-अथवा आपत्ति हो, तो वे अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12/06/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
आज दिनांक 09/05/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
अंबिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**संशोधित ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202312021200
अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सुचित किया जाता हैं कि आवेदकगण दलजीत कौर पत्नी स्व0 अवतार सिंह एवं हरप्रीत कौर पत्नी स्व0 सतपाल सिंह निवासी- गुरू नानक वार्ड सरदारगली केदारपुर,अंबिकापुर जिला -सरगुजा (छ0ग0) ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। कि आवेदकगण के ससुर स्व. सरदार बाबा सिंह आ0 स्व0 सरदार आत्मा सिंह के स्वामित्व व अधिपत्य की शीट नं-03 मोहल्ला-महाराजा होटल गली नगर अंबिकापुर स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 1063/1 ,1065/3 रकबा क्रमशः$0.021^{1/2}$,0.04 ऐकड भूमि हैं। खाताधारक सरदार बाबा सिंह आ0 स्व.सरदार आत्मा सिंह की मृत्यु दिनांक 10/06/2003 को हो चुकि हैं। अतःभूधारक की मृत्यु हो जाने के कारण आवेकगण द्वारा फौति के आधार पर उक्त भूमि के अभिलेख से मृत्तक खातेदार का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज करने बावत् आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत् प्रस्तुत किया गया हैं।
अतःउक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12/06/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 20/05/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
अंबिकापुर

# कब-कब खेले जाएंगे बाकी बचे आईपीएल प्लेऑफ के मैच




### » लाइव स्ट्रीमिंग समेत समय, वेन्यू की पूरी जानकारी

**नई दिल्ली,20 मई 2024।** आईपीएल 2024 अपने प्लेऑफ चरण में पहुंच गया है। लीग का आखिरी मैच रविवार 19 मई को केकेआर और राजस्थान रॉयल्स के बीच बरसपारा स्टेडियम में बारिश की भेंट चढ़ गया। अब 21 मई मंगलवार से प्लेऑफ मैच खेले जाएंगे, जिसमें 4 टीमें तय हो चुकी हैं।

आईपीएल 2024 में टॉप पर चार टीमें हैं, जिनमें केकेआर,एसआरएच,आरआर और आरसीबी शामिल हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स 20 अंकों के साथ टॉप पर है, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद दूसरे पायदान पर, रॉयल्स की टीम तीसरे जबकि चौथे नंबर पर आरसीबी है।

### आईपीएल 2024 प्लेऑफ में कौन सी टीम किससे भिड़ेगी

21 मई 2024 केकेआर/ एसआरएच क्वालीफायर-1 नरेंद्र मोदी स्टेडियम
22 मई 2024 आरसीबी/आरआर एलिमिनेटर नरेंद्र मोदी स्टेडियम
24 मई 2024 पहले क्वालीफायर में हारने वाली टीम 1/ एलिमिनेटर विजेता क्वलीफायर-2 एमए चिंदबरम, चेन्नई
26 मई 2024 क्वालीफायर-1 विजेता 1/ क्वालीफायर-2 विजेता फाइनल एमए चिदंबरम चेन्नई

### आईपीएल2024 प्लेऑफ की पूरी जानकारी

### आईपीएल 2024 मैचों का आयोजन? आईपीएल प्लेऑफ मैचों का आयोजन 21 मई से 26 मई तक होगा

### कहां-कहां होगा आईपीएल प्लेऑफ 2024 का आयोजन?

आईपीएल प्लेऑफ मैचों का आयोजन दो वेन्यू पर होगा, पहला क्वालीफायर नरेंद्र मोदी स्टेडियम अहमदाबाद में खेला जाएगा। जबकि दूसरा क्वालीफायर एमए चिदंबरम स्टेडियम चेन्नई पर खेला जाएगा। एमिमिनेटर मुकाबला नरेंद्र मोदी स्टेडियम अहमदाबाद में खेला जाएगा।

अगर क्वालीफायर-1 एलिमिनेटर और क्वालीफायर-2 में बारिश खलल डालती है तो अंपायरों के पास अतिरिक्त 120 मिनट का समय होगा जिससे वह कम से कम 5-5 ओवर का मैच करा सकें। अगर बारिश के चलते 5-5 ओवर भी नहीं हो पाते तो अंपायर सुपर ओवर से रिजल्ट निकालने की कोशिश करेंगे। अगर सुपर ओवर भी नहीं हो पाता तो मैच को अगले दिन के लिए शिफ्ट किया जा सकता है। आईपीएल 2024 के फाइनल मैच के लिए रिजर्व डे है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### इंटर मिलान ने जीता सीरी ए खिताब

**रोम,20 मई 2024।** लाजियो के खिलाफ मैच के दौरान इंटर मिलान के फैंस की सांसें लगभग रुक गई थीं, लेकिन डेंज़ल डमफ्रिज के गोल ने इंटर मिलान को हार से बचा लिया। इसके बाद इंटर ने लाजियो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के बाद सीरी ए ट्रॉफी पर कब्जा किया। इंटर ने पहले ही अप्रैल में अपना 20वां सीरी ए खिताब सुरक्षित कर लिया था और अपनी मजबूत टीम के साथ अपने अंतिम घरेलू मैच में प्रवेश किया था।इस मुकाबले में मार्कस थुरम ने शुरुआती मिनटों में एक सुनहरा मौका गंवा दिया, जब लाजियो के गोलकीपर इवान प्रोवेडेल ने उनके शॉट का शानदार बचाव किया। इसके बाद भी कई ऐसे मौके आए जब दोनों टीमों की ओर से शानदार प्रदर्शन किया गया। हालांकि, 32वें मिनट में दाइची कामदा के गोल से लाजियो ने बढ़त बना ली। यहां से इंटर मिलान की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही थी, लेकिन इंटर ने 87वें मिनट में स्कोर 1-1 से बराबर किया। इंटर के लिए यह गोल डेंज़ल डमफ्रिज़ ने किया।एक राउंड शेष रहते इंटर ने 93 अंक अर्जित कर लिए हैं, जबकि लाजियो ने सातवां स्थान हासिल किया।



## एमएस धोनी के आईपीएल से संन्यास पर सीएसके सीईओ काशी विश्वानाथन ने किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली,20 मई 2024।** आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स का सफर आरसीबी के हाथों मिली हार के साथ ही खत्म हो गया है। वहीं अब फैंस के मन में बड़ा सवाल है कि क्या एमएस धोनी का ये आखिरी मैच था? क्योंकि धोनी के भविष्य को लेकर हर जगह चर्चा है। इसी कड़ी में सीएसके के सीईओ काशी विश्वानाथ ने खुलासा किया है।



दरअसल, सीईओ काशी विश्वानाथन भी धोनी के संन्यास को लेकर अभी तक अंजान हैं। उन्होंने क्रिकबज से बातचीत में कहा कि, धोनी ने उन्हें कुछ नहीं बताया है। माही अक्सर अपने निर्णय अचानक ही लेते हैं। पहले भी उन्होंने ऐसा किया है। माही ने साल 2019 में 15 अगस्त के दिन अचानक इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

विश्वनाथन ने कहा कि, वैसे भी वो हमें ऐसी बातें नहीं बताते हैं, बस वह निर्णय ले लेते हैं। एमएस धोनी की फिटनेस भी शायद साथ नहीं दे रही है। इस आईपीएल सीजन भी वह घुटने के दर्द से परेशान रहे थे। सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग समेत कई टीम सदस्यों ने भी ये स्वीकार किया था कि धोनी लगातार दर्द से जूझ रहे हैं बावजूद इसके उन्होंने पूरा सीजन खेला है।

## दीप्ति ने विश्व पैरा चैम्पियनशिप में 400 मीटर टी 20 में स्वर्ण पदक जीता

### » नया वर्ल्ड रिकॉर्ड किया कायम...

**कोबे,20 मई 2024।** भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 रेस में 55 . 07 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55 . 12 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पिछले साल पेरिस में बनाया था। तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि एक्वाडोर की लिजांशेला एंगुलो 56.68 सेकंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रही।



दीप्ति ने एशियाई रिकॉर्ड समय 56.18 सेकंड के साथ अपनी हीट रेस जीती थी। टी 20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिये है। योगेश कथुनिया ने पुरूषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41 .80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीत लिये हैं।

## मैकगुर्क-शॉर्ट होंगे ऑस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी

**मेलबर्न,20 मई 2024।** आक्रामक बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे। बाईस वर्ष के मैकगुर्क ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिये शानदार प्रदर्शन किया है। अभी तक टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सके मैकगुर्क को टी 20 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि आस्ट्रेलिया के पास शीर्ष



तीन स्थानों के लिये डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श पहले से हैं। बल्लेबाजी हरफनमौला शॉर्ट ने आस्ट्रेलिया के लिये पिछले 14 में से नौ टी 20 मैच खेले हैं। इनमें से पांच में उन्होंने पारी का आगाज किया और पिछले दो सत्र में वह बिग बैश लीग भी खेल चुके हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार ,''आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सुझाव दिया था कि विश्व कप में एक रिजर्व साथ लेकर जायेंगे लेकिन अब वे शॉर्ट के साथ फ्रेसर मैकगुर्क को भी ले जा रहे हैं।''आस्ट्रेलियाई टीम बृहस्पतिवार को वेस्टइंडीज रवाना होगी। उसे त्रिनिदाद में 28 और 30 मई को नामीबिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलने हैं।

## कर्नाटक ने स्वामी विवेकानन्द यू 20 पुरुष एनएफसी फाइनल में प्रवेश के लिए मणिपुर को हराया

**नारायणपुर,20 मई 2024।** कर्नाटक सोमवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में मणिपुर को एकमात्र गोल से हराकर स्वामी विवेकानंद 20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंच गया।सबसे महत्वपूर्ण गोल मैच के 14 वें मिनट में पेनाल्टी से हुआ, जो सैखोम बोरिश सिंह ने किया। कर्नाटक को अब मिजोरम और दिल्ली के बीच दिन में खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेताओं का इंतजार है। फाइनल बुधवार को खेला जाएगा। कड़े मुकाबले वाले सेमीफाइनल को बड़ी संख्या में दर्शकों ने देखा, जिनमें स्कूली बच्चे भी शामिल थे। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच



श्री बिमल घोष और भारत के पूर्व खिलाड़ी अलविटो डी कुन्हा उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने स्टैंड से कार्यवाही देखी।

## वोट डालने पहुंचे रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोन

### एक्ट्रेस का दिखा बेबी बंप,पर वह भीड़ से खुद को छुपाती दिखी

दीपिका पादुकोण वोट डालने के लिए बाहर निकलीं और सभी की निगाहें उनके बेबी बंप पर थीं, लेकिन प्रशंसक निराश हो जाएंगे, जवान अभिनेत्री ने अपने बंप को छिपाने की कोशिश की। वीडियो और तस्वीरों में,आप देख सकते हैं, दीपिका पादुकोण शुद्ध सूती शर्ट पहने हुए हैं और पपराज़ी को फोटो वीडियो न लेने के लिए कह रही है। दीपिका पादुकोण ने एक महीने पहले अपनी गर्भावस्था की घोषणा की थी। जिसमें सितंबर में बच्चे के आगमन का जिक्र किया था।

वीडियो में आप देख सकते हैं कि डॉन 3 स्टार कितने प्यारे पति हैं, वह गर्भावस्था के चरण में अपनी पत्नी का अत्यधिक ख्याल रखते हुए दिखाई दे रहे हैं। करण जौहर के शो कॉफ़ी विद करण 8 में अपनी उपस्थिति में दीपिका पादुकोण ने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में अपने किरदार का जिक्र करते हुए



दावा किया था कि उन्होंने वास्तविक जीवन के रॉकी रंधावा से शादी की है और वह बिल्कुल सही थीं। वह एक आकर्षक और सज्जन व्यक्ति हैं।

फैंस उस दिन को किसी त्यौहार से कम नहीं मना रहे थे जब दीपिका और रणवीर ने जल्द ही माता-पिता बनने की घोषणा की। दीपवीर के प्रशंसक जल्द ही बच्चे की एक झलक देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## यामी गौतम बनीं मां,कपल ने बेटे का नाम रखा वेदविद

यामी गौतम और आदित्य धर ने अपने जीवन की सबसे खुशखबरी साझा की है, टिनसेल शहर के इस प्यारे जोड़े को एक बच्चे का आशीर्वाद मिला है। आदित्य ने अपने इंस्टाग्राम पर यह खबर प्रशंसकों के साथ साझा की और पोस्ट में अपने नन्हे-मुन्नों के अनोखे नाम का भी खुलासा किया। 10 मई यानी अक्षय तृतीया को अपने बेटे के जन्म के बारे में जानकारी साझा करते हुए फिल्म निर्माता ने अपने बच्चे का नाम वेदाविद बताया।



इस अनोखे नाम ने बहुत ध्यान खींचा और यही इसका मतलब है। वेदविद का अर्थ है वह व्यक्ति जो वेदों में पारंगत हो। आदित्य धर और यामी गौतम नए माता-पिता बनने से बहुत खुश हैं और वे अपने प्यारे बेटे के उज्ज्वल भविष्य की आशा करते हैं। ÷जैसा कि हम माता-पिता बनने की इस खूबसूरत यात्रा पर निकल रहे हैं, हम उत्सुकता से अपने बेटे के उज्ज्वल भविष्य की आशा करते हैं। उसके हर मील के पत्थर को हासिल करने के साथ, हम आशा और विश्वास से भरे हुए हैं कि वह हमारे पूरे परिवार के लिए गौरव का प्रतीक बनेगा। साथ ही हमारा प्रिय राष्ट्र भी।

यामी गौतम और आदित्य धर ने जून 2021 में शादी की और अपनी शादी के 3 साल बाद, जोड़े ने अब अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। यामी वेदाविद की उम्मीद के दौरान आर्टिकल 370 की शूटिंग कर रही थीं और ऐसा लगता है कि इस अनोखे नाम को रखने के पीछे का कारण यह है कि उन्हें लगता है कि उनका बेटा वास्तव में महाभारत के अभिमन्यु की तरह है, जिसने अपनी मां के गर्भ से ज्ञान प्राप्त किया था और ट्रेलर लॉन्च पर भी इसका उल्लेख किया था।

## ज़ुबली टॉकीज में अपने किरदार के अटूट समर्पण से प्रभावित हैं खुशी दुबे



एक्ट्रेस खुशी दुबे अपकमिंग शो जुबली टॉकीज-शोहरत.शिद्दत.मोहब्बत में लीड रोल में नजर आएंगी। उन्होंने अपने किरदार शिवांगी सावंत के बारे में खुलासा करते हुए कहा कि वह उसके अटूट समर्पण से प्रभावित हुईं।आशिकाना की एक्ट्रेस खुशी ने शिवांगी का किरदार निभाया है, जो ताकत और मजबूत इरादों वाली मॉडर्न लड़की है। भूमिका के बारे में बात करते हुए, खुशी ने कहा, मैं इस शो को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। जब मैंने पहली बार कहानी सुनी तो मैं हैरान रह गयी और मुझे आशा है कि दर्शक इससे प्रभावित होंगे। संगम सिनेमा को पुनर्जीवित करने के अपने पैशन के साथ-साथ, शिवांगी की यात्रा अप्रत्याशित मोड़ों से भरी है, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेगी।आखिरी बार आंख मिचोली में नजर आईं एक्ट्रेस ने कहा, यह किरदार मेरे लिए एक नई चुनौती है और मैं खास तौर से शिवांगी के अपने परिवार और सपनों के प्रति उनके अटूट समर्पण से आकर्षित हुई हूं।यह शो महाराष्ट्र के एक छोटे शहर की रहने वाली शिवांगी की यात्रा को दर्शाता है।शो का प्रीमियर जल्द ही सोनी पर होगा।

## हीरामंडी की एक्ट्रेस शर्मिन सहगल को किया जा रहा है जमकर ट्रोल, बचाव में आगे आये शेखर सुमन

हीरामंडी में शेखर सुमन को उनके अभिनय कौशल के लिए प्रशंसा मिल रही है। यह वर्तमान में विश्व स्तर पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला भारतीय शो है। हालाँकि,



शर्मिन सहगल ऑनलाइन ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं जिन्होंने श्रृंखला में उनके प्रदर्शन की आलोचना की। एक साक्षात्कार में शेखर ने शर्मिन का बचाव किया और कहा कि आलोचक उनके प्रति बहुत कठोर रहे हैं।शेखर ने शर्मिन के बारे में बोलते हुए कहा, मुझे नहीं लगता कि भंसाली साहब ने इस बात को संज्ञान में नहीं लिया होगा कि इसका प्रतिकूल असर हो सकता है। वह उनकी भतीजी है और पहले भी फिल्में कर चुकी है। हुआ यह है कि दुनिया उस बेचारी छोटी सी चीज़ पर बहुत अधिक कठोर हो गई है। वह एक युवा लड़की है और आलोचना उसे नष्ट कर सकती है। जहां उन्हें अपनी टिप्पणियों को अक्षम करने के लिए मजबूर किया गया था, वहां लोग उनका नाम पुकारने के बजाय थोड़ा सहज हो सकते हैं। उसने कहा कि उन्होंने हीरामंडी के लिए 16 बार ऑडिशन दिया, तो चलो उनके प्रति निष्पक्ष रहें, कि उन्होंने उसे कास्ट किया।हीरामंडी विभाजन पूर्व युग के दौरान लाहौर (अब वर्तमान पाकिस्तान में) के हीरा मंडी के रेड-लाइट क्षेत्र पर आधारित है। महाकाव्य-श्रृंखला में 1920-40 के दशक में हीरामंडी के दरबारियों के जीवन और नवाबों के साथ उनके संबंधों को दर्शाया गया है। यह कहानी ब्रिटिश उपनिवेशवाद के खिलाफ भारत की स्वतंत्रता क्रांति की पृष्ठभूमि पर आधारित है। शेखर और शर्मिन के अलावा, मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी,ऋचा चड्ढा,संजीदा शेख,फरीदा जलाल,अध्ययन सुमन,श्रु ति शर्मा,प्रतिभा रांटा और फरदीन खान भी शो में महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं।

## अक्षय कुमार और अरशद वारसी बाइक की सवारी पर निकले

जॉली एलएलबी की तीसरी किस्त में अक्षय कुमार और अरशद वारसी स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। शूटिंग राजस्थान में चल रही थी और उन्होंने पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। हाल ही में, अभिनेताओं ने शूटिंग खत्म करते हुए एक मजेदार वीडियो साझा किया। कुछ ही देर में ये वायरल हो गया। दोनों को बड़ी मुस्कान के साथ बाइक चलाते देखा गया।

अक्षय और अरशद ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो साझा किया और लिखा, और यह एक शेड्यूल रैप है! जैसा कि आप देख सकते हैं कि दोनों जॉलीज़ ने राजस्थान में अच्छा समय बिताया। वीडियो में दोनों सड़क पर बाइक चला रहे हैं। अरशद की शर्ट खून से लथपथ है. हाल ही में, बड़ी संख्या में अक्षय के प्रशंसक उनकी फिल्म के सेट पर उन्हें आश्चर्यचकित करने और उनके साथ तस्वीरें लेने के लिए पहुंचे। अब सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में, राम सेतु अभिनेता को जॉली एलएलबी 3 के सेट पर उनका स्वागत करने आए लोगों के लिए तस्वीरें लेते और ऑटोग्राफ देते देखा जा सकता है। इससे पहले, जॉली एलएलबी 3 के सेट से एक बिहाइंड द सीन वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया था जिसमें अक्षय शर्टलेस बैठे नजर आ रहे थे और उन्होंने सन बाथ का भी आनंद लिया था।



वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अक्षय के फैन पेज ने लिखा, अक्षयकुमार एलएलबी 3 के सेट पर सन बाथ ले रहे हैं...अगर आप ठीक से सुनेंगे तो बजरंग बैन चल रहा है।

बता दें, अक्षय कुमार ने इस महीने की शुरुआत में जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू की थी, जब उन्होंने सेट से एक मजेदार वीडियो भी जारी किया था। वीडियो में अक्षय के साथ अरशद वारसी भी शामिल थे और दोनों काले कपड़े पहने नजर आ रहे थे। इसकी शुरुआत अक्षय द्वारा सभी को जगदीश त्यागी उर्फ जॉली बीए एलएलबी डुप्लिकेट से सावधान रहने की चेतावनी देने से हुई। इसके बाद, अरशद को खुद को असली जॉली के रूप में पेश करते देखा गया।

## मेडडॉक फिल्मस के रोमांटिक ड्रामा के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा और कृति सैनन एक साथ आए

कई देशभक्ति फिल्मों के बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा जल्द ही एक रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकते हैं। हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वह कृति सेनन के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगे। उन्हें आखिरी बार बड़े पर्दे पर फिल्म योद्धा में देखा गया था। फैंस कृति और सिड को एक साथ फिल्म में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रेड कार्पेट पर हमेशा स्पॉट होने वाले यंग एज एक्टर्स अक्सर साथ काम करने की इच्छा जाहिर करते रहे हैं। आखिरकार उनकी इच्छाएँ पूरी हो रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि सिद्धार्थ जल्द ही एक रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे।



बताया जा रहा है कि फिल्म में सिड के साथ कृति सेनन मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। पहले चर्चा थी कि वह स्पाइडर नाम की फिल्म में काम करने जा रहे हैं, लेकिन अब कहा जा रहा है कि उनकी आने वाली फिल्म रोमांटिक ड्रामा होगी। सिद्धार्थ की गिनती बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में होती है जिन्होंने रोमांटिक और एक्शन दोनों फिल्मों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वहीं कृति सेनन अपनी एक्टिंग के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीत चुकी हैं. साल 2024 में एक्ट्रेस शाहिद कपूर के साथ फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और क्रू में तब्बू और करीना कपूर खान के साथ नजर आई थीं। इन दोनों फिल्मों में लोगों को उनकी कॉमिक टाइमिंग काफी पसंद आई।

**आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है...**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिद्धार्थ और कृति मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली एक लव स्टोरी के लिए साथ आ रहे हैं। हालाँकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वर्क फ्रंट की बात करें तो आखिरी बार करण जौहर की फिल्म योद्धा में नजर आए सिद्धार्थ ने मुराद खेतानी की एक देसी मास एक्शन एंटरटेनर फिल्म भी साइन की है।

दूसरी ओर, कृति अपनी पहली होम प्रोडक्शन फिल्म दो पत्ती की तैयारी कर रही हैं। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी और यह फिल्म एक निर्माता के रूप में उनकी पहली फिल्म होगी। इस फिल्म में काजोल और टीवी एक्टर शाहीर शेख मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# कवर्धा में हुआ दर्दनाक पिकअप हादसा

## विवादों में घिरे विधायक रिकेश सेन



**भिलाई-रायपुर,20 मई 2024 (ए)।** वैशाली नगर सीट से जीत दर्ज कर विधानसभा तक पहुंचे विधायक रिकेश सेन सदैव चर्चा में रहते हैं। इस बार विधायक रिकेश सेन ने महादेव सट्टा मामले में गिरफ्तार आरोपी सतनाम सिंह के पिता बलदेव सिंह और दीपक नेपाली के भाई नीरज और लोकेश को अपना प्रतिनिधि बनाया है। अब सवाल ये उठता है कि महादेव सट्टा मामले में कांग्रेस नेताओं पर चीख-चीखकर आरोप लगाने वाले विधायक रिकेश सेन के पास कार्यकर्ताओं की इतनी कमी है कि वो अब महादेव सट्टा मामले में जेल में बंद आरोपियों के रिश्तेदारों को अपना प्रतिनिधि बना रहे हैं? क्या ऐसी मजबूरी थी कि रिकेश सेन ने महादेव सट्टा के आरोपियों को ही गले लगा लिया? ऐसे कई सवाल हैं जो विधायक रिकेश सेन के इस फैसले पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं।



## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा पर सुनाया अहम फैसला

**बिलासपुर, 20 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के विवादित और बहुप्रतीक्षित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा पर बिलासपुर हाईकोर्ट का अहम फैसला सामने आया है। हाईकोर्ट अब पुरुष अभ्यर्थियों को राहत मिलने की उम्मीद हैं। दरअसल हाई कोर्ट ने आदेशित किया हैं कि प्लाटून कमांडर के 370 महिला अभ्यर्थियों को हटाकर 370 पुरुष अभ्यर्थियों को भर्ती की जाएँ। इसके अलावा कोर्ट ने निर्देशित किया हैं कि 45 दिन के अंदर इस प्रक्रिया को पूरा किया जाएँ। यह आदेश बिलासपुर हाई कोर्ट के जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की तरफ से सुनाया गया है। गौरतलब हैं कि सलेक्शन कमेटी द्वारा नियम विरुद्ध प्लाटून कमांडर पद पर महिलाओं के चयन करने पर यह पूरी भर्ती विवादों में आ गई थी।

## क्रॉस फायरिंग में सीआरपीएफ के गर्दन पर लगी बुलेट




**गरियाबंद,20 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बीती रात सर्चिंग के दौरान नक्सलियों की क्रॉस फायरिंग के दौरान सीआरपीएफजवान को गोली लगी है जो गले में अब भी फंसी हुई है। घायल जवान को सीआरपीएफकी टीम गरियाबंद जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां प्राथमिक इलाज के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया है।मिली जानकारी के अनुसार, कोमना थाना क्षेत्र के सुनाबेड़ा अभयारण्य में हुई गोलीबारी में शिवनारायणपुर में जवान घायल हुआ है। बताया जा रहा है कि, उस इलाके में अब भी सर्चिंग जारी है और रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। हालांकि अब तक पुलिस ने क्रॉस फायरिंग से गोली लगने की पुष्टि नहीं की है।

» पिकअप अनियंत्रित होने से हुआ बड़ा हादसा...

» भयावह मंजर देख कांप उठे परिजन

**कवर्धा,20 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में आज सोमवार को हुए दर्दनाक हादसे से पूरा प्रदेश दहल उठा। मौके पर भयावह मंजर को देखकर परिजन भी कांप उठे। अपनों को खोजने के लिए वहां पर चीख-पुकार मच गई। सूचना के काफी देर बाद प्रशासन मौके पर पहुंचा, तब तक कई लोग दम तोड़ चुके थे।

### 30 फीट गहरी खाई में वाहन गिरने से 19 लोगों की मौत

दोपहर करीब 12 बजे पिकअप वाहन 30 फीट गहरी खाई में गिर गया, जिसमें से 19 लोगों की मौत की हो गई और वहीं 4 लोग घायल हो गये। पिकअप में करीब 25 से अधिक लोग सवार थे। कुकदूर थाने से मिली जानकारी के अनुसार, पिकअप में बैठे लोग ग्राम सेमहारा (कुई) के रहने वाले हैं, जो कि तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे।

### पिकअप में करीब 25 लोग थे सवार

एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि थाना कुकदूर क्षेत्र के तहत ग्राम बाहपानी के पास पिकअप वाहन खाई में गिरा है। पिकअप में लगभग 25 लोग सवार थे जो तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। सभी वापस आ रहे थे तभी ये हादसा हुआ है। घटना की सूचना पाकर पुलिस घटना स्थल के लिए रवाना हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, घटना स्थल में मोबाइल नेटवर्क काम नहीं करता, जंगल और पहाड़ी एरिया है। घटना स्थल से कुकदूर तहसील मुख्यालय करीब 35 किमी दूर है।

### हादसे में 17 महिला और एक पुरुण की मौत

हादसे में 18 महिलाओं और एक पुरुष की मौत की एसपी अभिषेक पल्लव ने पुष्टि की है। ये लोग आज तीसरे दिन तेंदूपत्ता की तोड़ई करने गए थे। गांव का ही पिकअप वाहन था। वहीं चार लोग घायल हैं जिनमें तीन महिला और एक पुरुष शामिल है।




## राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुए सड़क हादसे पर जताया दुख



छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुए दर्दनाक सड़क हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने कवर्धा सड़क हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए लिखा, छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में हुई सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

## अमित शाह ने कवर्धा हादसे पर जताया दुःख



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कवर्धा हादसे पर दुःख जताया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुई बस दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस हादसे में जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, मैं उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ। घायलों को स्थानीय प्रशासन हरसंभव सहायता पहुँचा रहा है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। बता दें कि कवर्धा जिले में आज सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार पिकअप पलटने से 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं 8 लोग घायल हो गए हैं। मृतकों में 14 महिलाएं शामिल है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों के इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। हादसे को लेकर सीएम साय सहित प्रदेश के कई नेताओं ने दुख जताया है।

## सीएम विष्णुदेव साय ने 19 ग्रामीणों की मौत पर जताया शोक



सीएम विष्णुदेव साय ने कवर्धा में 15 ग्रामीणों की मौत पर शोक जताया है। एक्स पर उन्होंने लिखा कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास पिकअप पलटने से 19 ग्रामीणों के निधन एवं घायल होने का दुःखद समाचार प्राप्त हो रहा है। घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश ज़िला प्रशासन को दिए गए है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूँ। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ।

**विजय शर्मा ने भी ट्वीट कर**- कवर्धा में मजदूरों से भरी पिकअप वाहन पलटने से 19 लोगों के निधन की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी शोक-संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं,जिन्होंने इस दुर्घटना में अपनों को खोया है। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता में जुटा है। रमन सिंह का ट्वीट - कुकदूर थाना, कवर्धा के बाहपाली में तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गये लोगों की पिकअप गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। इस दुर्घटना में दिवंगत हुए 19 लोगों की आत्मा की शांति और घायल मजदूरों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ। इस हादसे में दिवंगत हुए लोगों के परिजनों को प्रभु श्री राम धैर्य और संबल प्रदान करें



## सैलजा समर्थकों ने 11 भाजपा नेताओं को भेजा मानहानि का नोटिस





» 2 दिन में आरोप सिद्ध करें या मांगे माफी

**रायपुर,20 मई 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के बीच में सियासी वार और पलटवार अब कानूनी नोटिस तक जा पहुंचा है। ताजा मामला कुमारी सैलजा से जुड़ा है, जिनके खिलाफ हरियाणा के सिरसा में प्रचार कर रहे 2 पूर्व विधायक सहित 11 भाजपा नेताओं को मानहानि का नोटिस भेजा है.। नोटिस में सैलजा के समर्थक ने भाजपा नेताओं पर झूठे आरोप लगाते हुए 2 दिन में आरोप साबित नहीं कर पाने पर माफी मांगने की बात कही है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस की पूर्व प्रभारी कुमारी सैलजा हरियाणा के सिरसा से कांग्रेस प्रत्याशी हैं, जिनके खिलाफ प्रचार के लिए भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने वाले नेताओं को भेजा है. प्रचार के दौरान भाजपा नेता कुमारी सैलजा पर छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान लेन-देन करने के सीधे आरोप लगा रहे हैं, जिस पर कुमारी सैलजा के समर्थक अजय चौहान की ओर से भाजपा नेताओं को मानहानि का नोटिस भेजा है।नोटिस पर चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि हम कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के क्षेत्र सिरसा में प्रचार के लिए आए हैं। छत्तीसगढ़ से भाजपा के 11 नेताओं की टीम प्रचार कर रही है। हमने जो बातें कही है, वो सब छत्तीसगढ़ में घटित हुई है। हम किसी नोटिस से डरने वाले नहीं है। हम सनातन के रक्षक हैं. कानूनी रूप से नोटिस का जवाब दिया जाएगा।

## खड़े ट्रक से भिड़ी पुलिस की 3 गाड़ियां

» कॉन्स्टेबल की मौत...

» मदद करने पहुंची डायल 112 और पेट्रोलिंग गाड़ी भी टकराई...

**कवर्धा,20 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में रायपुर जबलपुर नेशनल हाइवे-30 पर एक-एक कर 3 पुलिस गाड़ियों की खड़े ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में एक आरक्षक की मौके पर मौत हो गई। वहीं डायल 112 के ड्राइवर समेत 4 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हैं। पूरा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सिंघनपुरी गांव का है।

बताया जा रहा है कि तीनों हादसे रात 12 से 1 बजे के बीच हुए हैं। हादसे में बाइक सवार पांडातराई थाना में पदस्थ आरक्षक नेतराम धुर्वे (32 ) की मौत हुई है। वहीं पेट्रोलिंग गाड़ी स्कॉर्पियो पर सवार सिटी कोतवाली थाने में पदस्थ स्ढ कौशल साहू, विजय कश्यप घायल हुए हैं। वहीं मदद के लिए पहुंची डायल 112 का ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल है।

### कैसे हुए एक के बाद एक तीन हादसे ?

रक्षक नेतराम धुर्वे रात 12 बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद बाइक से कवर्धा जा रहे थे। इसी दौरान सिंघपुरी गांव से 200 मीटर पहले कोल्ड स्टोरेज के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चकनाचूर हो गई। आरक्षक नेतराम ने मौके पर दम तोड़ दिया।

### तेज बारिश के चलते पेट्रोलिंग गाड़ी भी टकरा गई

सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस की टीम एएसआई कौशल साहू और विजय कश्यप पेट्रोलिंग गाड़ी से पहुंचे, लेकिन अंधेरा और तेज बारिश के चलते पेट्रोलिंग वाहन भी उसी ट्रक के पीछे जाकर घुस गई। हादसे में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए।एएसआई और विजय कश्यप जख्मी हो गए।



## बलौदाबाजार में डायरिया का प्रकोप



» 35 से ज्यादा लोग हुए बीमार...

» स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राउंड जीरो पर लिया स्थिति का जायजा

**बलौदाबाजार,20 मई 2024 (ए)।** जिले में मौसम के बदलते मिजाज ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान में उतार चढ़ाव की वजह से ग्रामीण इलाकों में डायरिया, वायरल बुखार,खांसी-जुकाम पैर पसारना शुरू कर दिया है। मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीज अस्पताल में पहुंचने लगे हैं। बदले मौसम की मार बच्चों पर ज्यादा पड़ रही है। बलौदा बाजार के पलारी तहसील क्षेत्र के ग्राम बलौदी में फैली गंदगी,दूषित पानी और खाना खाकर 35 से 40 लोग बीमार हैं। इनमें से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में ही 19 लोग भर्ती है। वहीं कुछ गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय और कुछ को रायपुर भी रेफर किया गया है। डायरिया की बढ़ती शिकायत को देख मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमपी महेश्वर अपने स्वास्थ्य दल के साथ ग्राम पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए ग्रामीणों को सावधानी बरतने के साथ स्वास्थ्य टीम को मुस्तैद रहने के लिए कहा। ग्रामीणों से जानकारी लेने के बाद उन्होंने पूरे गांव का भी दौरा किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि ग्राम बलौदी मे डायरिया के मरीज मिले हैं जिनका ईलाज जारी है और स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंनें कहा कि गांव में शादी व्याह का सीजन चल रहा है। इस दौरान ग्रामीण बासी भोजन भी कर लेते हैं, साथ ही बच्चे खुले में बिक रहे गुपचुप चाट भी खा रहे हैं। जो डायरिया के फैलने का प्रमुख कारण है। मैं इस गांव के साथ ही सभी जिला वासियों से अपील है किस भीषण गर्मी से बचें, बासी भोजन न करें और अपने आसपास साफ-सफाई रखें।अभी लगभग 35 से 40 मरीज मिले हैं सबका ईलाज जारी है स्थिति नियंत्रण में है।



**मानसून पहुंचा अंडमान,किसानों के लिए खुशखबरी**


## छत्तीसगढ़ में आ रहा समय पर

**रायपुर, 20 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के लिए राहत भरी खबर है कि मानसून समय पर आ रहा है। दक्षिण- पश्चिम मानसून रविवार को मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र के कुछ हिस्सों और बंगाल की खाड़ी के दक्षिण, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है।निचले क्षोभमंडलीय स्तरों (3 किमी तक) में पश्चिमी हवाओं की प्रबलता बढ़ गई है और यह लगभग 20 समुद्री मील है। दक्षिण-पश्चिमी हवाएँ इस क्षेत्र में औसत समुद्र तल से 4.5 किमी की ऊँचाई तक चल रही हैं। बादलों के बढने के साथ, क्षेत्र में आउटगोइंग लॉन्गवेव रेडिएशन <200 वाट/मीटर 2 है। पिछले 24 घंटों के दौरान निकोबार द्वीप समूह में व्यापक वर्षा हुई है। उपरोक्त सभी संतुष्ट स्थितियों को ध्यान में रखते हुए,दक्षिण-पश्चिम मानसून आज,19 मई, को मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र के कुछ हिस्सों और बंगाल की खाड़ी के दक्षिण, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है।

## गर्लफ्रेंड को कुल्हाड़ी से काट डाला

» लिव इन में साथ रहते थे युवक-युवती

» शादी करने के लिए दबाव बनाया तो कर दी हत्या



**बिलासपुर,20 मई 2024 (ए)।** बिलासपुर में एक युवक ने अपनी लिव इन पार्टनर को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया। युवक-युवती एक साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहते थे। लड़की अपने प्रेमी को शादी करने का दबाव डाल रही थी। जिससे वह तनाव में था।

जिसके बाद उसने खौफनाक कदम उठाते हुए उसे मार डाला। घटना कोटा थाने के पास की है। अमाली गांव का गुलशन यादव (24 वर्ष) गांव में रहकर श्रमिक के तौर पर कार्य करता था. जिसका गाँव की ही अंजू यादव (22) नाम की लड़की से प्रेम संबंध था. पहले युवती और युवक दोनों शादी करना चाहते थे. लेकिन उसका परिवार नहीं मान रहा था।

जब शादी नहीं हुई तो दोनों ने साथ रहने का फैसला किया. दो महीने पहले अपने परिवार से अलग होकर गांव में एक मकान में दोनों रहने लगे। कुछ दिनों बाद युवक से लड़की शादी करने का दबाव बनाने लगी और जोर देकर कहा कि वह अपने परिवार के साथ रहे।

इस विषय पर उन दोनों के बीच आए दिन बहस होती रहती थी। रविवार सुबह इन दोनों के बीच विवाद हो गया। उसके बाद दोनों शांत हो गये। दोपहर को उनके बीच फिर से बहस शुरू हो गई और वे झगड़ने लगे। बार-बार की बहस से गुस्साए युवक ने घर में रखी कुल्हाड़ी से अंजू पर कई वार किए। जिसके बाद लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी तुरंत मौत हो गई। युवक ने हत्या की सूचना ग्रामीणों को दी। इसके बाद वह थाने पहुंचा. पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की। इस बीच, लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)